हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 94, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 1 अक्टूबर, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## 'सरकार ही सब कर लेगी, इस सोच से हमें बाहर आना है' : मोदी

### दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ही सब कर लेगी, इस सोच से हमें बाहर आना है। समाज की शक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। पीएम मोदी ने कहा कि जिन-जिन ब्लॉक्स या जिलों में समाज को जोड़ने की ताकत है, मेरा अनुभव है कि वहां परिणाम जल्दी मिलते हैं। यही कारण है कि आज स्वच्छता के अभियान ने अपनी जगह बना ली है और एक वातावरण बन गया है कि गंदगी नहीं करनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉकों के लिए मैं राज्य सरकारों और भारत सरकार के अधिकारियों से आग्रह करूंगा कि वे इस बात पर भी ध्यान दें कि जो ब्लॉक के भीतर सफल हैं, उनका भविष्य भी उज्ज्वल होना चाहिए, ताकि उनमें कुछ करने का जुनून हो। वे परिणाम लाने वाले लोग हैं। उनकी टीमों को आगे बढ़ाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हम 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना




चाहते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भव्यता दिल्ली, मुंबई या चेन्नई में दिखे और हमारे गांव पीछे छूट जाएं। हम इस मॉडल को नहीं अपनाते। हम 140 करोड़ लोगों के भाग्य की जिम्मेदारी लेना चाहते हैं और उनके जीवन में बदलाव लाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम (संकल्प सप्ताह) टीम इंडिया की सफलता का प्रतीक है। यह सभी के प्रयास की भावना का प्रतीक है। यह कार्यक्रम भारत के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसमें संकल्प के माध्यम से सिद्धि का प्रतिबिंब है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सुशासन की बुनियादी चीज पर फोकस रहेगा तो चुनौतीपूर्ण लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम एक हफ्ते तक चलेगा। संकल्प सप्ताह आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा हुआ है। यह कार्यक्रम सात जनवरी 2023 को पीएम मोदी द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर शासन में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। संकल्प सप्ताह के दौरान देशभर में गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम सभी 500 आकांक्षी ब्लॉकों में मनाया जाएगा। संकल्प सप्ताह तीन अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक मनाया जाएगा। पहले छह दिनों के विषयों में संपूर्ण स्वास्थ्य, सुपोषित परिवार, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा और समृद्धि दिवस शामिल है।

### यूपी में 2 अक्टूबर को बंद रहेंगी शराब की दुकानें, भांग के ठेके भी नहीं खुलेंगे, आदेश जारी

आगरा/मथुरा/कासगंज। गांधी जयंती (दो अक्टूबर) के मौके पर आगरा में जिलेभर की शराब और भांग की दुकानें बंद रहेंगी। डीएम भानु चंद्र गोस्वामी ने शुक्रवार को इसके आदेश जारी कर दिए। उन्होंने बताया कि दुकानें खुलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आबकारी विभाग की टीम दुकानों की निगरानी करेगी। मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया, कि गांधी जयंती के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले की सभी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। डीएम ने सभी लाइसेंस धारियों को आदेशित किया है। बताया, देशी मदिरा, विदेशी मदिरा व बीयर की फुटकर दुकानें, माडलशाप, एफएल-2, 2-बी, सीएल-2, एफएल-6 बार के साथ भांग की दुकानें भी बंद रहेंगी। कासगंज की डीएम सुधा वर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर दो अक्टूबर को शराब की दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल-शा, भांग के थोक व फुटकर प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहेंगे। उन्होंने बंदी को सुनिश्चित कराने के लिए आबकारी निरीक्षकों को निर्देशित किया है।

## भारतीय वायु सेना ने किया शक्ति प्रदर्शन, नीले आसमान में दिखा लड़ाकू विमानों का साहस

भोपाल। राजधानी भोपाल के नीले आसमान में शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। सेना के पायलटों ने लड़ाकू विमानों के साथ अपना शौर्य और साहस दिखाया। सेना की इस कीर्ति को देखने के लिए भोपालवासी शनिवार सुबह से ही वीआईपी रोड और लेक व्यू रोड पर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। इसके साथ लोगों ने घरों की छत पर भी डेरा डाल रखा था। भारतीय वायुसेना की 91वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में फ्लाई पास्ट किया गया था। राज्यपाल मंगू भाई पटेल मुख्य अतिथि और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्काय डाइवर्स ने आसमान में तिरंगा बनाकर की।

इसके बाद चिनुक हेलीकॉप्टर जब तालाब पर पहुंचा तो जनता ने तालियों के साथ उसका स्वागत किया। इसके बाद हेलीकॉप्टर तिरंगा लेकर सामने आए। कार्यक्रम की शुरआत में और समापन अवसर पर राष्ट्रगान गाया गया। एयर चीफ मार्शल विभाष पांडे ने बताया कि वायुसेना मध्यप्रदेश में अपने एयर बेस बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जगह का सर्वे किया का रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि युवाओं को वायु सेना से जोड़ने के लिए एमपी में जल्द ही एक रैली भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा आज का शो सफल रहा। भोपालवासियों का उत्साह बताता है कि उन्हें ये शो बेहद पसंद आया। वचुर्ली भी बड़ी संख्या में



लोगों ने इस शो का आनंद लिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, लेकिन किसी कारण के कारण वस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। इस बारे में जानकारी देते हुए यह चीफ मार्शल विभाष पांडे ने कहा कि वह देश की रक्षा मंत्री हैं उन्हें आखिरी वक्त पर भी कोई और अति महत्वपूर्ण कार्य आ सकता है, जिसके चलते वे यहां नहीं पहुंच पाए होंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए वायुसेना ने तीन दिन तक रिहर्सल की। इसके बाद 30 सितंबर को फाइनल शो आयोजित किया गया। इसके पहले 28 सितंबर को फुल ड्रेस रिहर्सल की गई थी। तीन दिन तक अभ्यास के दौरान भी भोपाल के लोगों ने इस एयर शो का आनंद उठाया। एयर शो देखने के लिए भोपाल के अलावा आसपास के क्षेत्रों के लोग भी यहां पहुंचे।

लेक व्यू और वीआईपी रोड के आसपास रहने वाले लोगों के घरों में उनके नाते रिश्तेदारों का भी जमघट लग गया। सभी ने अपने घरों से इस शो को देखा। इसके साथ ही स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शो देखने पहुंचे थे। करतब दिखाने के लिए विमानों आगरा, ग्वालियर और गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी थी। इसके साथ कुछ विमानों ने भोपाल एयरपोर्ट और हेलीकॉप्टर थ्री ईएमई सेंटर से भी उड़ान भरी। शो में महिला पायलट भी शामिल रहीं। उन्होंने भी सारंग हेलीकॉप्टर की टीम के साथ आसमान में करतब दिखाए। फ्लाई पास्ट में लड़ाकू विमान एसयू-30, मिराज 2000, जगुआर, एलसीए तेजस, हॉक्स, हेलीकॉप्टर चिनूक, एमआई-17 वी5, चेतक, एएलएच और परिवहन विमान सी130 और आईएल 78 शामिल हुए। सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम, सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम और आकाश गंगा टीम ने भी कार्यक्रम में प्रदर्शन अपना दम दिखाया।

## सुभाष चौक पर हिंसक झड़प, बाइक की टक्कर के बाद युवक की हत्या

जयपुर। सुभाष चौक थाना क्षेत्र इलाके में शुक्रवार रात को बाइक टक्कर होने के बाद शुरू हुई झड़प में कुछ लोगों ने पीट-पीटकर एक युवक को अधमरा कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद से ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने इलाज के दौरान मौत के बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल भेजा है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। हमले जान गंवाने वाले युवक की पहचान जयपुर में फूटा खुर्रा रामगंज के रहने वाले इकबाल (18) के रूप में हुई है। रात करीब 10.45 बजे जयसिंहपुरा खोर से इकबाल बाइक लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान गंगापोल में राहुलजी का बाजार में उसकी बाइक दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। बाइक टक्कर होने की बात को लेकर दोनों युवकों में तनातनी होने के साथ गाली-गलौज हो गई। युवकों ने मिलकर इकबाल को बुरी



तरह से पीटकर घायल कर दिया। झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में इकबाल को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा में भर्ती करवाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएसअस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया। झगड़े में इकबाल की मौत का पता चलने पर उसके पक्ष के लोग इकट्ठा होने लगे। माहौल बिगड़ता देखकर मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। पुलिस ने FSL टीम को बुलाकर मौके से सबूत जुटाने के साथ इकबाल की बाइक को थाने में खड़ा करवाया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर देर रात दबिश दी। सुभाष चौक थाना इलाके में युवक की हत्या मामले में बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़ तक रास्ता बंद कर दिया गया है। बीच रास्ते हजारों की तादाद में स्थानीय लोग बैठकर धरना दे रहे हैं। मौके पर STF, ERT, QRT, RAC और पुलिस फोर्स मौजूद है।

## नई संसद, जी20 और चंद्रयान मिशन को सफल बनाने में लगते 50 साल लेकिन...',

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पीएम मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन, चंद्रयान-3, जी20 शिखर सम्मेलन और महिला आरक्षण विधेयक सभी चार काम तीन महीने के भीतर पूरे कर लिए गए, जबकि इनमें से किसी एक को पूरा करने में आम तौर पर 50 साल लग जाते। एक सभा को संबोधित करते हुए, शाह ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का कायाकल्प करने और इसके वैज्ञानिकों को प्रेरित करने के साथ-साथ जी20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से यह संदेश देना कि भारत विकसित और विकासशील दोनों देशों के साथ है, इसके लिए मोदी की प्रशंसा की। गृह मंत्री शाह ने यह भी कहा कि मोदी ने नीति और कानून निर्माण में महिलाओं के योगदान को स्वीकार करते हुए विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले विधेयक के माध्यम से मातृ शक्ति को सम्मान दिया है। गौरतलब है कि यह महिला



आरक्षण विधेयक नई संसद में पारित होने वाला पहला विधेयक है। शाह ने कहा, "मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि नरेंद्र भाई ने तीन महीने के भीतर चार काम पूरे किए, जबकि एक काम को पूरा करने में भी 50 साल लग जाते। यह दशार्ता है कि नरेंद्र भाई के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत को दुनिया में अपना स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।" नारी शक्ति वंदन अधिनियम या महिला आरक्षण विधेयक पर टिप्पणी करते हुए, शाह ने कहा कि यह अधर में था और प्रधानमंत्री द्वारा इसे नई संसद में लाने से वर्षों तक पटरी पर रुकी हुई थी, जिसे गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर पास किया गया।

## ओबीसी आरक्षण, जाति जनगणना से लेकर भ्रष्टाचार तक शाजापुर रैली में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर रहे। यहां राहुल ने शाजापुर जिले के कालापीपल विधानसभा क्षेत्र में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पोलायकला में प्रदेश की भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा। इसके साथ ही उन्होंने ओबीसी आरक्षण, जातिगत जनगणना, पेपर लीक और किसानों की आत्महत्या जैसे मुद्दों को भी उठाया। अपने संबोधन के शुरूआत में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मैंने संसद में जैसे ही अदाणी जी की बात शुरू की। वैसे ही मेरी लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी। आप सोचिए, अदाणी की रक्षा करने के लिए एकदम मेरी लोकसभा की सदस्यता को रद्द कर दिया। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सच्च बोलता हूं। सरकार का रिमोट कंट्रोल अदाणी जी के हाथ में है। सच्चाई अदाणी जी से बड़ी है। राहुल ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राज्य की शिवराज सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश हिंदुस्तान



में भ्रष्टाचार का केंद्र है जितना भ्रष्टाचार बीजेपी के लोगों ने मध्यप्रदेश में किया है, पूरे देश में नहीं किया है। बच्चों के फंड्स, मिड-डे मील के फंड्स, स्कूल यूनीफॉर्म के फंड्स चोरी किए। महाकाल कॉरिडोर में भाजपा ने पैसा चोरी किया। व्यापमं स्कैम को आप सब जानते हैं। एक करोड़ युवाओं को नुकसान पहुंचाया। सीट्स बेची जाती है। पेपर लीक किए जाते हैं। पिछले दिनों संसद से पारित होने के बाद शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन कानून लागू हो गया। हालांकि, इसके प्रभावी होने से पहले जनगणना और परिसीमन की शर्तों को पूरा करना होगा। राहुल ने सभा में महिला आरक्षण से जुडी इन्हीं शर्तों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा ने महिला आरक्षण की बात की। हमने एक सवाल उठाया। भाजपा ने कोई जवाब नहीं दिया। हमने पहले कहा कि महिला आरक्षण अच्छा है लेकिन इसमें आपने दो छोटी लाइनें लिख रखी है। इन्हें मिटाइए। एक लाइन थी- महिला आरक्षण से पहले सर्वे करने की जरूरत है। दूसरी लाइन थी- महिला आरक्षण करने से पहले हमें परिसीमन करना है।

## सोसाइटी एवं चिटफंड का रिश्वतखोर बाबू: रकम मिठाई के डिब्बे में लानी है, कोई पूछे तो कहना- प्रसाद लाया हूं

आगरा। आगरा के उप निबंधक फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स कार्यालय में तैनात बाबू अजय कुमार यादव को 1 लाख रुपये की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। किसी को शक न हो इसके लिए बाबू रिश्वत की रकम को मिठाई के डिब्बे में मंगाता था। मथुरा की श्रीकृष्ण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समिति के सदस्य से विवाद निस्तारण के लिए 2 लाख रुपये की जो रिश्वत मांगी थी, उसके लिए कहा था कि रकम मिठाई के डिब्बे में लाना और कोई पूछे तो कहना कि प्रसाद लाया हूं। एक लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए बाबू अजय कुमार यादव ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों से बचने का तरीका भी सोच रखा था। भवानी शंकर से कहा था कि रकम एक किलोग्राम के मिठाई के डिब्बे में लेकर आना।आधा किलोग्राम मिठाई और बाकी जगह में रकम रख देना। कार्यालय में यही कहना कि गोकुल से प्रसाद लेकर आया हूं। भवानी शंकर ने यह बात विजिलेंस को बताई थी। डिब्बे में



बरफी और रकम रखी गई, नोटों पर हस्ताक्षर कर दिए गए थे। बाबू को फोन भी कर दिया गया, जिससे वो मिल जाए। भवानी शंकर ने डिब्बा देकर यही बोला कि प्रसाद लेकर आया हूं। बाबू के उसे हाथों में लेते ही टीम ने पकड़ लिया। उप निबंधक कार्यालय में 5 महीने में यह दूसरा मामला है, जब कोई बाबू रिश्वत लेते पकड़ा गया। मई में बाबू ब्रजेश कुमार सिंह को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी बाबू अजय कुमार ने भवानी शंकर से कहा था कि वह दो लाख रुपये खुद नहीं लेगा। पैसा ऊपर तक देना होता है।

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम सुरक्षाबलों ने ढेर किए दो आतंकवादी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्होंने उत्तरी कश्मीर के मच्छल (कुपवाड़ा) सेक्टर में घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया है। दहशतगर्दों के नापक मंसूबों को विफल करते हुए सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। वहीं, उसके अन्य साथियों की धरपकड़ के लिए सैन्य अभियान जारी है। जानकारी के मुताबिक, कुपवाड़ा में मारे गए घुसपैठियों के पास से दो एसाल्ट राइफल, चार मैगजीन, 90 कारतूस, एक पिस्टल और पाकिस्तान मुद्रा में 2100 रुपए मिले हैं। यहां मिली जानकारी अनुसार, जिला कुप़वाड़ा के अंतर्गत मच्छल सेक्टर में एलओसी के साथ सटे कुमकारी हयहामा इलाके में गश्त रहे जवानों ने आज तड़के गुलाम जम्मू कश्मीर की तरफ से घुसपैठियों के एक दल को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। जवानों ने उसी समय आस पास की चौकियों व नाका पार्टियों को सचेत करते हुए अपनी पोजीश ली। स्वचालित हथियारों से लैस घुसपैठिए आगे आए। जवानों ने उन्हें ललकारते हुए आत्मसमर्पण के लिए कहा। जवानों की ललकार सुनते ही घुसपैठियों ने फायरिंग शुरू कर दी और वापस गुलाम जम्मू कश्मीर की तरफ भागने लगे। जवानों ने भी



जवाबी फायर किया। इसके साथ ही वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। संबधित सूत्रों ने बताया कि दो घुसपैठिए मारे गए हैं। मुठभेड़स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद व अन्य साजो सामान जब्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि मच्छल में आतंकरोधी अभियान जारी है। दो आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। अभियान के समाप्त होने के बाद ही मारे गए आतंकियों की सही संख्या और उनकी पहचान का पता चल सकेगा। सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में पुलवामा के त्राल में दो आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। पुलिस और सेना की 42 आरआर के एक संयुक्त कार्यदल ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में दो आतंकी ठिकानों को नष्ट करने का दावा किया है। संबधित अधिकारियों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने त्राल के ऊपरी हिस्से में गुलशपोना के साथ सटे नागबल जंगल में थे। यह दोनों ठिकाने जंगल में जमीन खोदकर तैयार किए गए थे और इनके ऊपर लकड़ियां व घासफूस बिछाई गई थी, ताकि किसी को इनके बारे में पता न चले। इन ठिकानों से कंबल, कुछ खाने पाने का सामान मिला है। सूत्रों ने बताया कि यह दोनों ठिकाने काफी पुराने हैं और इन्हें कथित तौर पर हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकियों ने तैयार किया था।

## 'केस लंबित रहने के चलते आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रख सकते', कोर्ट का फैसला

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दोहरे हत्याकांड के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को मुकदमे के लंबित रहने तक अनिश्चितकाल के लिए जेल में नहीं रखा जा सकता क्योंकि यह भारत के संविधान में निहित मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने 26 सितंबर को आकाश सतीश चांडालिया को जमानत दे दी, जिसे पुणे जिले की लोनावाला पुलिस ने दोहरे हत्याकांड और साजिश के आरोप में सितंबर 2015 में गिरफ्तार किया था। अदालत ने आदेश में कहा, 'अगर किसी आरोपी पर किसी जघन्य अपराध का आरोप लगा हो तो उसे जमानत देने पर विचार करना जरूरी है। वहीं, अगर कोई आरोपी लंबे समय से जेल में सजा काट रहा हो, जिसका अपराध गंभीर हो या न हो तब भी आरोपी की सजा पर विचार करके उसे जमानत दे सकते हैं। न्यायमूर्ति डांगरे ने कहा कि आरोपी मुकदमे के लंबित रहने के चलते जेल में लंबे समय से बंद हैं। यह भारत के संविधान में शाामिल मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि समयबद्ध तरीके से मुकदमे को पूरा करने के निर्देश जारी किए जाने के बावजूद इसका कोई नतीजा नहीं निकला और ऐसी परिस्थितियों में आरोपी को जमानत पर रिहा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोपी को जितनी सजा काटनी थी, वो पहले ही पूरी कर चुका है। ऐसे में लंबे समय तक जेल बंद रखना सही नहीं है। वहीं, सतीश चांडालिया के वकील सना रईस खान ने कहा कि चांडालिया आठ साल से सजा काट रहा है। सुनवाई अभी तक पूरी नहीं हुई है। इस पर पीठ ने कहा कि चांडालिया पर हत्या करने का आरोप हैं। बता दें, चांडालिया और उसके साथियों ने कथित तौर पर दो व्यक्तियों का अपहरण किया था। बाद में उनकी हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष का कहना है कि चंडालिया उन लोगों में से एक था, जिन्होंने दोनों पर हमला किया था। मामले में दो अन्य सह-आरोपी पहले से ही जमानत पर बाहर हैं।

## संपादकीय

## दहशतगर्दी की आग, हकीकत से आंखें नहीं मिलाएगा पाकिस्तान तो झुलसता रहेगा

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक बार फिर बड़ा बम विस्फोट हुआ। जुमे की नमाज और ईद-ए-मिलाद उन नबी के मौके पर जब लोग इकट्ठा थे, दो मस्जिदों के बाहर जबरदस्त धमाके हुए, जिसमें कम से कम छप्पन लोगों के मारे जाने और करीब एक सौ तीस के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। आजादी के बाद से ही बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियां बढ़ती रही हैं। मगर पाकिस्तान सरकार उस पर काबू पाने के लिए राजनीतिक रास्ता अख्तियार करने के बजाय बंदूक का सहारा लेती रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि उस इलाके में चरमपंथी संगठन अब सेना को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। 2005 के बाद जब पाकिस्तानी सेना ने बड़े पैमाने पर बलूचों का सफाया करना शुरू किया, तो चरमपंथ और ताकतवर होता गया। उसके बाद से उस इलाके में कई बड़े बम धमाके हुए हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर लोग मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था अब इस पर काबू पाने में पूरी तरह विफल नजर आती है। उल्टा कुछ मौकों पर पाकिस्तानी हुक्मरान पलट कर बलूचिस्तान में अशांति का जिम्मेदार भारत को ठहराने की कोशिश करते देखे गए। दरअसल, बलूच लोगों की शुरू से शिकायत रही है कि भूभाग के हिसाब से उन्हें न तो राजनीतिक हिस्सेदारी मिली है और न आर्थिक। बलूचिस्तान पाकिस्तान का करीब चालीस फीसद हिस्सा है, मगर इतना गरीब और पिछड़ा हुआ है कि बच्चों के लिए माकूल मदरसे तक नहीं हैं। बलूच लोग पाकिस्तान से अलग अपना स्वायत्त शासन चाहते हैं। मगर पाकिस्तान की हुकूमत उन्हें बंदूक के बल पर खामोश करने की कोशिश करती रही है। विचित्र है कि पाकिस्तान अपने यहां के एक बड़े हिस्से में व्याप्त अलगाववाद को तो संभाल नहीं पाता, मगर भारत के कश्मीर में अलगाववाद की आग जलाए रखने की हर कोशिश करता है। वह खुद जिस आग में जल रहा है, वही आग भारत में लगाए रखना चाहता है। इसके लिए उसकी सेना और खुफिया एजंसी बेपनाह पैसा खर्च करती हैं। अभी कुछ दिनों पहले वहां के विदेशमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर फिर से कश्मीर की स्वायत्तता का राग अलापा। इसके पहले अनेक मौकों पर उसके प्रधानमंत्री और दूसरे आला नेता अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं। इस मामले को सुलझाने के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता तक की बात करते रहे हैं। मगर बलूचिस्तान, जो उसकी जमीन का हिस्सा है, वहां फैले असंतोष को दूर करने को लेकर वह कभी इस तरह फिक्रमंद नहीं दिखा। दरअसल, पाकिस्तान अपनी जमीनी हकीकत पर परदा डालने के मकसद से भी भारत के हिस्से वाले कश्मीर में अशांति पैदा करने की कोशिश करता है। जिस दिन वह अपनी असल समस्याओं को सुलझाने को लेकर संजीदा होगा, उस दिन शायद उसे बलूचिस्तान का दर्द समझ में आएगा और कश्मीर में नाहक दखलंदाजी का मोल भी। मगर शुरू से ही वह महाशक्तियों का मोहरा बन कर कभी इस तरफ तो कभी उस तरफ करवट बदलता रहता है। पहले अमेरिका के पाले में जाकर उसने इमदाद बटोरी, अब चीन के पहलू में बैठा हुआ है। फिलवक्त उसकी स्थिति यह है कि रोजमर्रा के खर्चे के लिए भी उसे कर्ज लेना पड़ता है। सेना की बादशाहत से वहां की हुकूमत मुक्त नहीं हो पा रही। ऐसे में न केवल बलूचिस्तान, बल्कि पाकिस्तान के दूसरे हिस्सों में भी गहरा असंतोष है। जब तक वह हकीकत से आंखें नहीं मिलाएगा, उसे दहशतगर्दी की आग में झुलसते रहना पड़ेगा।

## करना वचन पूरा!



है परिवर्तन तय ।  
पूरा है प्रयास ।।  
रैली से आवाज उठी ।  
बनना ही है खास ।।  
आशीर्वाद चाहिए ।  
देना इस पर ध्यान ।।  
बिना इसके कोई ।  
कैसे बने महान ?  
करना वचन पूरा ।  
वादा है हमारा ।।  
ना कर सकते इससे ।  
कभी भी किनारा ।।  
बैठी अकर्मण्य है ।  
आपकी सरकार ।।  
कर रही ना कुछ भी ।  
है फिर क्यों सत्कार ?


–कृष्णेन्द्र राय

# कनाडा प्रकरण में अमेरिका की भूमिका को देखते हुए भारत को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है

**संतोष पाठक**

कुख्यात आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा ने जिस तरह से बिना सबूत के भारत पर आरोप लगाए हैं, उसके बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में लगातार तल्खी आती जा रही है। निज्जर हत्याकांड में कनाडा द्वारा लगाए गए बेतुके आरोप की वजह से भारत और कनाडा के रिश्तों पर तो बुरा असर पड़ ही रहा है लेकिन इस पूरे मामले में कई जानकारी के सामने आने के बाद अब अमेरिका के रुख को भी लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

अमेरिका ने पहले फाइव आईज के खुफिया मंच का दुरुपयोग कर जिस तरह से पहले कनाडा को गलत जानकारी देकर भारत के खिलाफ उकसाने का काम किया और बाद में जिस तरह से इस मामले में बयान देकर भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया, उससे यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि अमेरिका ने भारत के खिलाफ षड्यंत्र किया, साजिश रची और दोस्त कहकर भारत की पीठ में खंजर घोंपने का काम किया। ऐसे में अब बड़ा सवाल तो यह खड़ा हो रहा है कि आखिर अमेरिका चाहता क्या है ? एक तरफ अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत और भारत के नेतृत्व की तारीफ कर रहा है, भारत को अपना सबसे करीबी दोस्त और सामरिक साझेदार बता रहा है तो दूसरी तरफ भारत के खिलाफ इस तरह से षड्यंत्र रच रहा है, यह जानते हुए भी कि यह मुद्दा भारत के लिए कितना संवेदनशील है।



चीन की आक्रामक नीति से परेशान अमेरिका एक तरफ जहां भारत को अपने एक मददगार देश के तौर पर देख रहा है, दोनों ही देश चीन की आक्रामक नीतियों के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं, संयुक्त सैन्याभ्यास कर चीन को संकेत दे रहे हैं, आर्थिक मोर्चे पर लगातार नए-नए समझौते कर आर्थिक संबंधों को मजबूत कर रहे हैं। यहां तक कि रक्षा क्षेत्र में भी कई विकल्प होने के बावजूद भारत अमेरिका के साथ रक्षा समझौते कर उसकी अर्थव्यवस्था को मदद देने का काम कर रहा है लेकिन इसके बावजूद अमेरिका की इस हरकत ने भारत को सतर्क कर दिया है। अमेरिका ने न केवल कनाडा को गलत जानकारी देकर उसे भारत के खिलाफ भड़काया है बल्कि अपने बयान के जरिए भी भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया है। अमेरिका के इस दोहरे रवैये ने अब भारत को ठहर कर अमेरिका के साथ अपने संबंधों की गहराई के बारे में फिर से विचार करने का मौका दे दिया है क्योंकि अगर अमेरिका इस तरह से पीठ पीछे भारत के खिलाफ पहले षड्यंत्र करेगा और फिर बयान देकर दबाव बनाने का प्रयास करेगा तो निश्चित तौर पर भारत सरकार के लिए अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ना मुश्किल होता चला जाएगा क्योंकि यह तो सर्वविदित तथ्य है कि अमेरिका को लेकर भारत में और भारतीयों में हमेशा से शंका का माहौल रहा है। अमेरिका ने जिस तरह से इतिहास में कई बार अपने करीबी दोस्तों तक को धोखा दिया है जिसका हालिया उदाहरण यूक्रेन-रूस युद्ध है, जिसमें अमेरिका ने पहले यूक्रेन को बढ़ावा दिया और जब लड़ाई यूक्रेन के घर में घुस गई है तो अमेरिका ने एक तरह से यूक्रेन से पल्ला झाड़ता हुए उसे रूस जैसी महाशक्ति के सामने अकेला ही छोड़ दिया है। लेकिन भारत जैसे विश्वसनीय और भरोसेमंद देश के साथ इस तरह की हरकत कर अमेरिका ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि वह कभी भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक भरोसेमंद देश नहीं बन सकता है और इसलिए भारत को उससे हमेशा ही सतर्क रहना पड़ेगा।

अमेरिका जहां एक तरफ चीन के डर के कारण भारत के साथ मजबूत सामरिक संबंध बनाना चाहता है तो वहीं दूसरी तरफ भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने वाले आतंकवादी तत्वों को पनाह देने वाले कनाडा का साथ देकर अपने दोहरे स्टैंड को ही एक बार फिर से उजागर कर दिया है। अमेरिका दशकों तक भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान का भी इसी तरह से इस्तेमाल करता रहा है। लेकिन भारत बदल रहा है और अब समय आ गया है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को यह साफ-साफ बता दिया जाए कि सामरिक साझेदारी, व्यापार और आर्थिक समझौता भारत के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है लेकिन यह भारत की एकता-अखंडता और संप्रभुता से बढ़कर ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है और यह बात अमेरिका और उसके सहयोगी देश जितनी जल्दी समझ ले उतना ही यह विश्व की शांति के लिए बेहतर होगा।

# 'मैनेजमेंट फील्ड' एमबीए के बगैर दे कैरियर को उड़ान- दिनेश प्रसाद सिन्हा, मलावी अफ्रीका

प्रखर डेस्क। मैनेजमेंट फील्ड में कैरियर बनाने के लिए एमबीए सबसे पापुलर डिग्री है।इसमें कोई शक नहीं।लेकिन यह जरूरी नहीं कि बेस्ट ऑप्शन प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेस्ट ही हो। ऐसे में यदि कोई अपना कैरियर प्रबंधन के क्षेत्र में ले जाना चाहे तो क्या रास्ते बंन्द हो जाते है ?मै यहाँ बताने का प्रयास करूंगा कि जरूरी नही कि एकस्लआरआई या भारतीय प्रबंधन संस्थान से प्रबंधन के क्षेत्र में पढ़ाई करें तभी अच्छा कैरियर बना सकते है।

आज के समय में आईटी मैनेजमेंट जैसे कई ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कोर्स हैं जिनकी मांग एमबीए के मुकाबले अधिक तेजी से बढ़ रही है।यदि कोई मैनेजमेंट फील्ड में जाने के लिए एमबीए की बजाए कुछ और करना चाहता है तो उसके लिए कई ऑप्शन मौजूद हैं और उसमें एमबीए के समकक्ष सैलरी भी मिल रहे हैं। आइए मै आपको कुछ ऐसी ही टॉप हाई पेइंग मैनेजमेंट कोर्स जो एमबीए के अल्टरनेटिव बातते है।

**1–मास्टर ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट:** मैनेजमेंट फील्ड में जाना है और एमबीए भी नहीं करना है तो मास्टर ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट कोर्स बेहतर बिकल्प है। इस कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स को अकाउंटेंसी व फाइनेंशियल मैनेजमेंट की समकालीन और ऐतिहासिक जानकारी देता है।यह नॉन स्पेशलाइज्ड नॉलेज और फाइनेंशियल मैनेजमेंट स्किल वाले स्टूडेंट्स को फाइनेंस और अकाउंटेंसी की अच्छी समझ विकसित करने को प्रोत्साहित करता है।मास्टर ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट कोर्स के बाद स्टूडेंट्स के पास फाइनेंशियल एनालिस्ट, इनवेस्टमेंट मैनेजर और स्टॉक ब्रोकर जैसी हाई पेइंग जॉब वाली नौकरियों के अवसर मिलते हैं। यह कोर्स दो साल का है।मास्टर ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट कोर्स के बाद औसत सैलरी पैकेज सात लाख से 35 लाख रुपये तक है तथा अनुभव और क्षमता के साथ भारत में ही करोड़ों की पैकेज कंपनीयाँ ऑफर कर रही है।

**2–मास्टर इन मैनेजमेंट स्टडीज :** एमबीए न करने के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए मास्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज दूसरा सबसे अच्छा ऑप्शन है।दो साल के इस कोर्स में



कुल चार सेमेस्टर होते हैं।इसके सिलेबस में थ्योरी लेक्चर, प्रैक्टिकल असाइनमेंट और इंटर्नशिप शामिल है।इसमें दाखिले के लिए ग्रेजुएट होना जरूरी है। इस कोर्स के बाद इनवेस्टमेंट बैंकर, हेज फंड मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर, मैनेजमेंट कंसल्टेंट, मार्केटिंग मैनेजर, अकाउंट मैनेजर, ब्रांड मैनेजर, कार्ड, पेमेंट ऑपरेशन्स मैनेजर जैसी हाई पेइंज जॉब मिलती है।इस कोर्स के बाद औसत सैलरी तीन लाख से 10 लाख रुपये है।

**3–मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन रिटेल मैनेजमेंट:** बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर्स (रिटेल मैनेजमेंट) की डिग्री भारत में सबसे पापुलर कोर्स में से एक है। यह भी दो साल का कोर्स है. इसमें दाखिले के लिए ग्रेजुएशन में कम से कम 45% मार्क्स होना चाहिए, साथ ही सीएटी, एक्सएटी या एमएटी जैसी प्रवेश परीक्षाएं पास करनी होती हैं।

कोर्स के बाद रेस्टोरेंट, लॉजिस्टिक्स, बैंक, वेयरहाउस, बुकशॉप, कैफे, शॉपिंग सेंटर्स, मल्टीप्लेक्स, एयरलाइन, इंश्योरेंस और एडवर्टाइज एजेंसीज में नौकरियां मिलती हैं। इसका भी औसत सैली पैकेज तीन से 10 से होते हुए दो वर्षो के बाद 25 लाख तक है।

**4–मार्केटिंग मैनेजमेंट में मास्टर :** इसे एमएमएम के नाम से बच्चें ज्यादा जानते है।भारत के हाई पेइंग मैनेजमेंट कोर्स में से एक मास्टर इन मार्केटिंग मैनेजमेंट को बहुसांस्कृतिक और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी मार्केटिंग क्लाइमेट के लिए डिजाइन किया गया है। दो साल के इस कोर्स के बाद प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर में काफी अवसर हैं। औसत सैलरी की बात करी जाए तो यह 30 से 70 हजार रुपये महीने है जो अनुभव के साथ साथ सरकारी सुविधा को जोड़ दे तो 12 से 15 लाख की शुरूआति वर्षो में हो जाती है।

**5 –रिस्क मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री:** रिस्क मैनेजमेंट मार्केट का एक नया कॉन्सेप्ट है. जिसकी जरूरत सभी इंडस्ट्री में है।यही मांग इसे मैनेजमेंट के सबसे बेहतरीन कोर्स में से एक बनाती है। यह कोर्स चार्टर्ड इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट द्वारा मान्यता प्राप्त है। जो आपको प्रोफेशनल क्रेडेंशियल क्रेडिट्स के लिए क्वॉलिफाई करने की इजाजत देता है।

**6 –बैचलर ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट:** यह 4 वर्षीय यूजी लेवल का कोर्स है, जिसमें की फूड एंड बेवरेज प्रोडक्शन, एकॉमडेशन, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सप्लाई मैनेजमेंट आदि विषयों का अध्ययन शामिल है। जिसके बाद आप अपनी योग्यता अनुसार 25 हजार से लाखों महीने की पगार प्रति माह कमा सकते है।

**7– मेडीकल प्रबंधन:** स्वास्थ्य के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावना है इसको देखते हुए कुछ शिक्षण संस्थान हॉस्पीटल नर्सिंग होग के प्रबंधन हेतु पर आधारित शिक्षा पठन कोर्स लाँच कर रखी है । इस में छः माह से दो वर्षीय पाठ्यक्रम उपलब्ध है। जिसको कर कम समय में तेजी से कैरियर ग्रोथ प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतरिक्त कुछ शिक्षण संस्थान पर्यावरण सुरक्षा प्रबंधन,आपदा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में भी छः माह से दो वर्षीय पठन पाठन के मॉडल उपलब्ध है।

# एसबीआई ने परिवारों की बचत के बारे में जो रिपोर्ट दी है उसे समझे बिना टिप्पणी करना गलत है

**प्रह्लाद सबनानी**

किसी भी देश के लिए शुद्ध वित्तीय बचत की दर अधिक होना अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा मापदंड माना जाता है क्योंकि वित्तीय बचत की राशि अंततः पूंजी निर्माण करते हुए देश के आर्थिक विकास को गति देने में मुख्य भूमिका निभाती है। बचत दरअसल दो प्रकार की होती है, एक, वित्तीय बचत एवं द्वितीय, भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत के परिवारों में हाल ही के समय में वित्तीय बचत की दर कुछ कम होकर परिवारों द्वारा भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत में अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है।

भारत में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत जो केंद्र एवं राज्य सरकारों एवं गैर वित्तीय संस्थानों के लिए आय का मुख्य साधन है, वित्तीय वर्ष 2022-23 में गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रह गई है। यह बचत दर वित्तीय वर्ष 2020-21 में 11.5 प्रतिशत एवं कोरोना महामारी खंडकाल के पूर्व वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7.6 प्रतिशत थी। ऐसा कहा जा रहा है कि परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत दर पिछले 50 वर्षों के खंडकाल में सबसे कम दर है। परंतु, यह तथ्य सही नहीं है, क्योंकि परिवारों की बचत दर को वित्तीय बचत एवं भौतिक आस्तियों की रूप में की गई बचत को मिलाकर देखा जाना चाहिए। वित्तीय बचत दर किसी वित्तीय वर्ष में कम इसलिए हो सकती है, क्योंकि परिवारों द्वारा उस वर्ष में भौतिक आस्तियों के रूप में अधिक मात्रा में बचत की गई हो।



कोरोना महामारी के चलते एक तो कई परिवारों की आय में कमी दर्ज हुई एवं कई परिवारों को तो बैंकों से ऋण लेकर अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी पड़ी थी। कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारतीय परिवारों का ऋण, सकल घरेलू उत्पाद का 40.7 प्रतिशत था, जो जून 2023 में घटकर 36.5 प्रतिशत रह गया है। इस प्रकार कोरोना महामारी के बाद के खंडकाल में भारतीय परिवारों द्वारा बैंकों से लिए गए ऋण की किश्तें भी समय पर चुकाई गई हैं जिससे वित्तीय बचत की वृद्धि दर पर विपरीत असर पड़ा है। वैसे भी, भारतीय परिवार बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में हिचकते हैं। जबकि अन्य देशों के नागरिक बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में बिलकुल नहीं हिचकते हैं जैसे चीन के परिवारों पर सकल घरेलू उत्पाद का 62 प्रतिशत ऋण है। दूसरे, कोरोना महामारी के खंडकाल के दौरान भारत में जमाराशि पर ब्याज की दरें भी बहुत कम थीं जिसके कारण भारतीय परिवार वित्तीय बचत न करते हुए किसी तरह अपने दैनंदिन खर्चों की पूर्ति कर पा रहे थे। साथ ही, कोरोना महामारी के तुरंत बाद के खंडकाल में जब देश में आर्थिक स्थिति तेजी से सुधारने लगी एवं जब बैंकों से प्राप्त की जा रही ऋणराशि पर ब्याज की दर बहुत कम थी तब कई परिवारों द्वारा बैंकों से ऋण प्राप्त कर इस राशि का उपयोग मकान का निर्माण करने पर, बच्चों की शिक्षा पर एवं वाहन खरीदने पर खर्च किया जाने लगा। यह तर्क वित्तीय क्षेत्र के बचत एवं बैंकों के ऋण सम्बंधी आंकड़ों से भी सिद्ध होता है। इस दौरान बैंकों की वित्तीय देयताओं में 8.2 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज हुई है (इसमें परिवारों द्वारा व्यावसायिक बैंकों से उधर ली गई 7.1 लाख करोड़ रुपए की ऋणराशि भी शामिल है), जो शुद्ध वित्तीय बचत की राशि 6.7 लाख करोड़ रुपए से कहीं अधिक है। इस कारण से शुद्ध वित्तीय बचत की राशि में 1.5 लाख करोड़ रुपए की राशि से कमी दर्ज हुई है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत है। जबकि इस दौरान बीमा, प्रॉविडेंट एवं पेंशन फंड में 4.1 लाख करोड़ रुपए की राशि की वृद्धि भी दर्ज हुई है। परिवारों द्वारा बैंकों से ली गई उक्त वर्णित ऋणराशि में से 55 प्रतिशत राशि भौतिक आस्तियों जैसे मकान निर्माण एवं वाहन आदि खरीदने हेतु उपयोग किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2012 में भारतीय परिवारों की कुल बचत में भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत का हिस्सा 66 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2021 में घटकर 48 प्रतिशत रह गया था। परंतु इस प्रवृत्ति में एक बार पुनः परिवर्तन होता दिखाई दे रहा है और भौतिक आस्तियों के रूप में की जाने वाली बचत का कुल बचत में हिस्सा वित्तीय वर्ष 2023 में 70 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय परिवारों की कुल बचत (वित्तीय एवं भौतिक आस्तियों में वृद्धि मिलाकर) वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में कहीं अधिक रहने की सम्भावना है। भारतीय परिवारों द्वारा गृह निर्माण एवं वाहन खरीदने पर अधिक खर्च करने के चलते एवं कम ब्याज दरों के कारण वित्तीय बचतें प्रभावित हुई हैं हालांकि इससे परिवारों की भौतिक आस्तियों में जरूर बहुत अच्छी वृद्धि दर अर्जित की गई है। इससे अर्थव्यवस्था को गति ही मिली है। उत्पादों का उपभोग बढ़ रहा है, जिससे कम्पनियों द्वारा अधिक उत्पादन किया जा रहा है। विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन क्षमता के उपयोग में वृद्धि दर्ज हुई है जो आज लगभग 77 प्रतिशत तक पहुंच गई है। विनिर्माण इकाईयों में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। अतः कुल मिलाकर यदि परिवारों के भौतिक आस्तियों में अधिक वृद्धि दर्ज की जाती है तो यह अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर की कही जानी चाहिए। भारतीय परिवार आज अपनी बचत का अधिक हिस्सा पूंजी निर्माण हेतु खर्च कर रहे हैं। गृह निर्माण एवं वाहन आदि खरीदने की मद पर अधिक खर्च किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में परिवारों की शुद्ध बचत का 60 प्रतिशत हिस्सा पूंजी निर्माण पर खर्च किया गया है, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में 53.2 प्रतिशत था, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह 68 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। साथ ही, परिवारों द्वारा बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से मकान निर्माण हेतु एवं वाहन आदि खरीदने हेतु लिए जाने वाले ऋणराशि में भी वृद्धि दिखाई दे रही है, जो कि एक अच्छा संकेत है।

# भागवत कथा सुनने से मिट जाते जीवन के सारे पाप : शशिकान्त महराज




प्रखर जलालपुर। क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार में क्षेत्रिय फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के पैतृक आवास पर शनिवार को शुरू हुई। श्रीमद् भागवत कथा प्रथम दिन की शुरूआत राष्ट्रीय हिन्दू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डा. अंजना सिंह व पं० हरिशंकर मिश्रा ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया।श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन इंसान के जीवन में श्रीमद् भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया गया।इस दौरान कथा वाचक बाल व्यास शशिकान्त महराज श्रीकाशी शास्त्री वृंदावन धाम वालों ने इसके बारे में विस्तार के साथ बताया। कथा का आगाज उन्होंने ठाकुर जी की वंदना के साथ किया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा को सुनने मात्र से इंसान को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि कथा में महाभारत के बारे में विस्तार के साथ बताया गया है। उन्होंने कहा कि 'महा' का अर्थ महान, 'भा' का अर्थ ज्ञान व 'रत' का अर्थ शास्त्र है।यह एक ग्रंथ है, जिसमें इंसान के जीवन की सच्चाई छुपी है। इसके उपरांत उन्होंने परीक्षित प्रसंग सुनाया।कहा कि परीक्षित ने अपनी इच्छा को त्याग कर समाज की भलाई की थी। उन्होंने कहा कि सदैव संसार के हित के लिए कार्य करने वाले परीक्षित के बारे में जानना बहुत जरूरी है। इसके उपरांत उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती पूजा के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर ठाकुर जी की आरती उतारी गई व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग वर्मा, सत्यम सेठ, चन्द्रेज दुबे, रमेश सेठ, विधायक यादव, सचिन सेठ, अशर्फी सेठ, रमेश सिंह, रामलाल सेठ, विनय वर्मा, धनंजय सिंह पुच्चु, अंकित सेठ, पप्पू मिश्रा, दीपक दुबे व अन्य मौजूद थे।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया आयुष्मान भव कार्यक्रम का भौतिक सत्यापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पूरे जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत समस्त हेल्थ बैलेंस सेंटर पर स्वास्थ्य मेले के साथ ही अन्य कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शनिवार को भौतिक सत्यापन करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक पाल के द्वारा कई स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर यथा स्थिति जानने का काम किया। शनिवार को हेल्थ वेलनेस सेंटर मेदिनीपुर पहुंचे जहां पर प्रिया राय के द्वारा कुल 55 मरीज का इलाज किया गया था। इसके पश्चात हेल्थ बैलेंस सेंटर सुहवल पूर्वी पहुंचे जो बंद पाया गया। हेल्थ बैलेंस सेंटर डेढ़गावा पर तैनात सीएचओ कमलेश कुमार के द्वारा 42 मरीज का उपचार किया गया था। हेल्थ वेलनेस सेंटर भीष्म देव राय पट्टी बंद पाया गया। वहां पर कार्यरत सीएचओ को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा नोटिस दिया गया। हेल्थ बैलेंस सेंटर उतरौली पर सीएचओ तेजपाल सैनी के द्वारा 48 मरीज का उपचार किया गया था। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संविदा को निर्देशित किया कि वह अपने हेल्थ बैलेंस सेंटर पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर शासन द्वारा सेवाएं आम जन को देना सुनिश्चित करें। यदि इसमें कोई शिथिलता बरतता है तो वह क्षम्य



नही होगा।

बताते चले कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सरकार देश के लोगों को स्वास्थ सेवाओं का तोहफा दिया । 17 सितंबर से आयुष्मान भवः कैंपेन की शुरूआत हुई। इस कैंपेन के तहत आम लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरुक करने और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया जाना है।

## मेरा माटी मेरा देश और खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रखर पूर्वांचल सहजनवां गोरखपुर। पाली विकास खंड के ग्राम पंचायत मिनवा में स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में खेल प्रतियोगिता और मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तीनों विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने लांग जंप, मैराथन दौड़ और कबड्डी में बेहतरीन प्रदर्शन किया और साथ ही कलश में माटी देकर वीर सपूतों को शत शत नमन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक व प्रबंधन समिति के सदस्यों ने योगदान दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र नाथ चौबे, गंगा शरण, अरविंद, करुणेश, रवि, कृष्णा, आफताब आलम, संतोषी, सुमन, प्रियंका, पंचायत सहायक ओंकार गुप्ता, रामकेश के साथ कई लोग मौजूद रहे।

## सीएचसी पिपरौली पर रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल पिपरौली, सहजनवां। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।डाक्टर आर पी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय समय पर होना चाहिए। रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है।मुंशीलाल गुप्ता ने कहा कि कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए। शिविर में कुल 9 लोगो ने रक्तदान किया। इस मौके पर राजगौरव सिंह, अरुण गौतमराकेश मिश्रा, गीता यादव, दिलीप उपाध्याय, सुनील, सुरजीत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एडब्ल्यूपीएल आयुर्वेदा की नई शाखा मनीत का हुआ उद्घाटन

प्रखर वाराणसी। आयुर्वेदिक पद्धति और उपचार से किसी भी इलाज बीमारी को ठीक किया जा सकता है। हमारे पूर्वजों के द्वारा हमें दी गई यह ऐसी हजारों साल पुरानी पद्धति है जिसे हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को देना है। ताकि वह अंग्रेजी दवाओं और इलाज के अभाव में अपने जिवन को बर्बाद न करें। मनुष्यों को आयुर्वेद का उपहार स्वयं भगवान ने दिया है। भारतीय धर्म ग्रंथों में उल्लेख है कि देवताओं के चिकित्सक धन्वंतरि जड़ी-बूटी और आयुर्वेदिक पद्धति से ही इलाज करते थे हैं। उन्होंने इस चिकित्सा पद्धति का ज्ञान ब्रह्मा से प्राप्त किया था। इसकी प्रारंभिक अवधारणाएं वेदों के उस हिस्से में स्थापित की गईं जिन्हें अथर्ववेद के नाम से जाना जाता है। आज के दौर में अधिकांश लोग अपने स्वास्थ को ठीक करने के लिए एलोपैथ (अंग्रेजी दवाओं) का सहारा लेते है। जो उन्हें कुछ समय के लिए ठीक तो कर देती है, लेकिन उनकी बिमारी को जड़ से खत्म नहीं कर पाती है। आयुर्वेद में वो शक्ति है जो किसी भी लाइलाज बिमारी



को भी जड़ से खत्म करने का दावा करती है। ये बातें लंका के डाफी में एडब्ल्यूपीएल आयुर्वेदा की नई शाखा मनीत वैलनेस के उद्घाटन के अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ सदस्य आदित्य सिंह और ओमप्रकाश नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से कहीं। उन्होंने लोगों को स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक करने के साथी बदलते दौर में आयुर्वेद का सहारा लेने की बात कही। बताया कि आज उनकी कंपनी के द्वारा निर्मित दवाओं के उपयोग और चिकित्सकीय परामर्श से हजारों लोगों ने खुद को स्वस्थ किया है। उनकी कंपनी आगे भी आयुर्वेद से लोगों को जोड़ने का काम करती रहेगी। इस अवसर पर एडब्ल्यूपीएल आयुर्वेदा के सदस्य व मनीत वैलनेस शाखा (डाफी) के मालिक किरन जादव ने कहा कि समाज को आयुर्वेद के माध्यम से बीमारी मुक्त किया जा सकता है। उनकी कंपनी इसके लिए हर संभव मदद करेगी और लोगों के घर-घर जाकर इसकी जानकारी दी जायेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक सिंह, सोनू मोड़नवाल, रितेश मोर्या और दीपक मोर्या समेत अन्य लोग मौजूद थें।

## दिल के सेहत के लिए हो जाएं सतर्क, कम उम्र में बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा : डॉ. एस.के पाठक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ब्रेथ ईजी द्वारा आयोजित एक वार्ता में ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ श्वांस एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ एस.के पाठक ने बताया दिल से जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। भारत में भी दिल की सेहत एक गंभीर चिंता का विषय है, पिछले कुछ सालों में तमाम सेलिब्रिटी समेत कई लोग हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट की वजह से मौत का शिकार हो चुके हैं डॉ पाठक ने आगे बताया वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में हर साल हार्ट डिजीज की वजह से करीब 1.79 करोड़ लोगों को मौत हो जाती है पूरे विश्व के लिए हार्ट डिजीज सबसे बड़ा खतरा बन गई हैं` डॉ पाठक ने आगे बताया लोगों के पास दिल से जुड़ी जानकारियां कम होती हैं कैसे दिल का ख्याल रखना है क्या हार्ट की सेहत के लिए बुरा है दिल से जुड़ी क्या समस्याएं हो सकती हैं और उसके क्या लक्षण होते हैं इन सभी बातों के बारे में सामान्य तौर पर कम जानकारी होना, कार्डियो वैस्कुलर बीमारियां होने के पीछे एक बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं` विश्व हृदय दिवस के पीछे का मकसद यही है कि लोगों में दिल की सेहत के प्रति जागरूकता



बढे. और वे कार्डियो वैस्कुलर बीमारियों के प्रति जागरूक हो सकें वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन ने इस साल हार्ट डे की थीम यूज हार्ट, नो हार्ट ( Use Heart, Know Heart) रखा है` डॉ पाठक ने आगे बताया कैसे हम अपने दिल का ख्याल रखे हर रोज कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज करें योग, रनिंग, ब्रिस्क वॉकिंग जैसी कई एक्टिविटीज हैं जिन्हें रेगुलर किया जा सकता हैं` एक्सरसाइज करने से कोलेस्ट्रोल और फैट कम होता है जिससे हार्ट की सेहत बेहतर रहती है मदर पाठक ने यह भी बताया हेल्दी वजन मेंटेन करना बहुत हु आवश्यक हैं, क्योकिं मोटापा दिल के लिए खतरनाक साबित हो सकता है खासकर एबडोमिनल ओबेसिटी इससे डायबीटिज और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या भी हो सकती है जो दिल से जुड़ी बीमारियों का कारण बन सकते हैं` अंत में डॉ पाठक ने बताया वजन, कोलेस्ट्रोल, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की रेगुलर जांच करानी चाहिए यह बीमारियां दिल के लिए घातक साबित हो सकती हैं इन समस्याओं का वक्त पर पता चलने से इन्हें कंट्रोल किया जा सकता है डॉ पाठक ने संतुलित आहार लेने का भी सुझाव दिया` हेल्दी खाना खाने से सेहत अच्छी रहती है इसलिए प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स से भरपूर खाना चाहिए और साथ ही नमक, तेल आदि का इस्तेमाल कम करना चाहिए।

## शादियाबाद पुलिस ने किया तमंचा, कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर की कुशल मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय थाना शादियाबाद के नेतृत्व में उप निरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दूबे व मय हमराह देख भाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध वाहन, अवांछनिय तत्व दुर्गा चौक शादियाबाद मामूर था कि जरिये मुखविर सूचना मिली की एक व्यक्ति असलहा के साथ बहरामपुर पुलिया के पास खड़ा है जो बड़ी घटना के आंजाम के फिराक में हैं। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता हैं कि सूचना पर पहुचा तो एक व्यक्ति पुलिस वालो को देखकर सड़क पर मुडकर तेज कदमों से भागना चाहा कि घेरकर पकड़ लिया गया पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो उसने अपना नाम मथुरी बिन्द पुत्र हरिलाल बिन्द निवासी छेदी बिन्द का पूरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र 37 वर्ष बताया।

## वरिष्ठ पत्रकार का भव्य स्वागत जन्मदिन का केक काटा



प्रखर वाराणसी। रामनगर वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र शर्मा (दादा) का जन्मदिन भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र सिंह पिंटू जी ने अपने निज आवास पर धूमधाम से केक काटकर मनाया एवं उज्जवल भविष्य एवं लंबी उम्र की कामना की। और दूसरी और किले के पास पत्रकार एवं नेता और समाजसेवियों ने किले के पास के काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया वहां पर मौजूद सत्येंद्र सिंह पिंटू, मुकुंद सिंह श्याम बिहारी उपाध्याय आजाद दुबे राजू पटेल अतेंद्र गिरी अमित राय रितेश राय अजय प्रताप सिंह अनिल सिंह जितेंद्र यादव वरिष्ठ पत्रकार विद्यानंद उपाध्याय संजय यादव जसवंत सिंह संजय पांडे मनोज श्रीवास्तव जितेंद्र मलिक संतोष द्विवेदी सृजन श्रीवास्तव नंदलाल चौहान पीयूष गुप्ता, टिंकू राय,आदि उपस्थित थे।अन्त में उपेंद्र शर्मा ने लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## पेंशन शंखनाद महारैली रामलीला मैदान के लिए शिक्षक कर्मचारी रवाना

सहजनवा, (गोरखपुर)। पेंशन शंखनाद रैली में प्रतिभाग करने हेतु शिक्षक कर्मचारी संघ ( अटेवा ) के नेता जिला अध्यक्ष सुनिल कुमार दूबे और जिला महामंत्री ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में शिक्षक



कर्मचारियों ने रामलीला मैदान नई दिल्ली के लिए रवाना हुए । यह रैली 1 अक्तूबर से रामलीला मैदान दिल्ली में प्रारंभ होगी । जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्री से बात करने पर इन्होंने बताया कि 2024 लोक सभा चुनाव में पहले बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहाल कर देनी चाहिए । शिक्षक कर्मचारी उनको धन्यबाद के साथ साथ वोट बैंक को मजबूत बनाता और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी करता। अगर हमारी मांग को सरकार नही मांगेगी तो ये शिक्षक कर्मचारी ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी । उन्होंने सभी शिक्षक संघो एवम कर्मचारियों से आवाह्न किया की सभी लोग पेंशन शंखनाद रैली में प्रतिभाग करने राम लीला मैदान नई दिल्ली जरूर पहुंचे । वही इस मौके पर सहजनवा क्षेत्र के मुरारी इंटर कालेज तथा क्षेत्र के अन्य माध्यमिक, जुनियर व प्राइमरी विद्यालय से सैकड़ों की संख्या में शिक्षक गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जिसमे मनोज कुमार, संतोष कुमार, अशोक प्रजापति, ज्ञान प्रकाश, अरमान अली, अजय चौधरी, संजीव कुमार सहित हजारों की संख्या शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सदर सांसद के चार सालों का प्रयास लाया रंग सहजनवा में रूकेगी ग्वालियर बरौनी



प्रखर पूर्वांचल सहजनवां,गोरखपुर। सदर सांसद रवि किशन शुक्ल के चार सालों का प्रयास आखिरकार रंग लाया।सहजनवा,पीपीगंज,कम्पियरगंज व पिपराइच में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव का आदेश शुक्रवार को हो गया है।जिसपर क्षेत्र की जनता में काफी खुशी है।सासंद के प्रति लोगों ने आभार प्रकट किया है। जिले के सहजनवा, कम्पियरगंज,पीपीगंज व पिपराइच की जनता स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के लिए सांसद रविकिशन शुक्ल से पुरजोर मांग किया था।सदर सांसद ने उनकी समस्या को प्रमुखता के लेते हुए केन्द्रीय रेल मंत्री व विभाग के अधिकारियों से मिले और अपनी संसदीय क्षेत्र में ट्रेन के ठहराव की जनता की मांग को सामने रखा।आखिरकार उनका प्रयास चार में रंग लाया। गोरखपुर ऐशबाग एक्सप्रेस अब कैम्पियरगंज व पीपीगंज में, ग्वालियर-बरौनी सहजनवां में एवं गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस पिपराईच स्टेशन पर प्रतिदिन रुकेगी।जिससे आम जनजनता के आवागम की सुविधा और अधिक बेहतर होगी।ट्रेन के ठहराव पर स्थानीय लोगों में हर्ष है उन्होंने सांसद के प्रति विधायक प्रदीप शुक्ला,घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे,सहजनवा चेयरमैन संजू सिंह,प्रमुख शशिप्रताप सिंह, दिलीप यादव,संजय शुक्ला,गोपाल गुप्ता,मनोज जायसवाल समरेन्द्र सिंह सांसद प्रतिनिधि,विकास पांडेय,रमेश मिश्र समेत अन्य ने आभार प्रकट किया है।

## लहुरियादह के पाइप लाइन तोड़े जाने सपा ने भाजपा को आड़े हाथों लिया

मिजार्पुर। हलिया विकास खण्ड के भैसोड़ बलाय पहाड़ के लहुरियादह गॉव में पीने का पानी न आने के कारण समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार को दोषी ठहराया है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर शनिवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल लहुरियादह पहुॅचकर ग्रामीण महिलाओ व पुरूषो से वस्तुस्थिति की जानकारी ली और कहा कि तत्कालीन जिलाधिकारी के प्रयास से लहुरियादह गॉव में पाइप लाइन द्वारा पानी पहुॅचाया गया था, उनका स्थानान्तरण के बाद दो तीन के बाद जेसीबी से पाइप



लाइन तोड़ दी गई। गॉव के लोगो को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है और उन्हें दूर से पानी लाना पड़ रहा है। उन्होने लगे हाथ स्थानीय सांसद व विधायक पर भी हमलावर होते हुए कहा जनता इनकी कथनी को जान गई है। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने प्रतिनिधिमण्डल की रिपोर्ट आने के बाद कहा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को न ठीक कराना गरीब व आदिवासी के साथ पक्षपात है। जनता 2024 का लोकसभा चुनाव का इंतजार कर रही है इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल मे शिवप्रसाद तिवारी, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, मुकुन्द यादव, रविन्द्र कोल, विजय विश्वकर्मा, नियाज खान, श्याम नरायन कोल आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक का हुआ सम्मान




प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विकास खण्ड के बीआरसी मंगारी पर शनिवार को विकास खण्ड के प्रधानाध्यापको के तरफ से राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त डॉ कुँवर पंकज सिंह का स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी देवीप्रसाद दुबे के नेतृत्व में हुए स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहाकि एक शिक्षक को पुरस्कार मिलने से कार्य मे उत्साह मिलता है। यह सम्मान पिंडरा का नही है बल्कि पूरे जनपद का हुआ है। विदित हो कि प्राथमिक विद्यालय फूलपुर के प्रधानाध्यापक डॉ कुँवर पंकज सिंह को वर्ष 2022-23 के राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक कैलाश यादव, सर्वेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संतोष मिश्रा, राजेश सिंह, विनोद कश्यप, अमरेंद्र मिश्रा, अर्जुन राम, श्रीकांत खिस्ते, अजय सिंह, राजेश कौल, प्रवीण कुमार समेत अनेक प्रधानाध्यापक रहे। वही इसके पूर्व प्रधानाध्यापकों की बैठक को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहाकि सभी प्रधानाध्यापक अपने विद्यालयों को कायाकल्प के 19 पैरामीटर से संतृप्त करते हुए पठन पाठन का माहौल बनाते हुए डीबीटी के कार्य को पूर्ण करने का आह्वान किया।

### अस्सी घाट पर कलाकार सुश्री जयंतिका डे ने राग मालकौस में गूंज उठी है नभ निकल रहयो चंद्रमा (द्रुत त्रिताल), भजन सांचा साहिब मेरा गायन प्रस्तुत कर दर्शक गण के हृदय को मंत्रमुग्ध किया



प्रखर वाराणसी। काशी सांसद महोत्सव के विशेष चरण के अंतर्गत सायंकाल अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस आनंद कानन के संयोजन में वाराणसी के कलाकार सुश्री जयंतिका डे ने राग मालकौस में गूंज उठी है नभ निकल रहयो चंद्रमा (द्रुत त्रिताल), भजन सांचा साहिब मेरा गायन प्रस्तुत कर दर्शक गण के हृदय को मंत्रमुग्ध किया। संगत कलाकार के रूप में तबला पर डॉ संदीप राव केवले,तथा हारमोनियम पर श्री हर्षित उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ सुभाष चंद्र यादव और संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केसरी ने सारगर्भित संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया।कलाकारो का सम्मान एवम माल्यार्पण मुख्य अतिथि श्री संजय पाण्डे,श्री विकास मिश्रा, श्रीमती नमिता झा, शहनाई वादक श्री दुर्गा प्रसन्ना ने किया।धन्यवाद ज्ञापन एवम अतिथियों को अंग वस्त्रम श्री श्याम कुमार केशरी ने दिया। इस अवसर कृष्ण मोहन पांडे एवम भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### जगत गुरु श्री शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती ने विश्वनाथ मंदिर और माता अन्नपूर्णा दरबार में किया दर्शन पूजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जगत गुरु श्री शंकराचार्य शंकर विजयेंद्र सरस्वती ने विश्वनाथ मंदिर और माता अन्नपूर्णा दरबार में किया दर्शन पूजन` शंकराचार्य विश्वनाथ मंदिर पहुंचे शिखर दर्शन कर सविधि दर्शन पूजन किये फिर वहा से माता अन्नपूर्णा दरबार पहुंचे माता गर्भगृह में सविधि दर्शन पूजन किये` मंदिर के तरफ से अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

### मालगाड़ी ट्रेन से कटकर 72 वर्षीय बुजर्ग की मौत



प्रखर पूर्वांचल रामपुर- मांझा गाजीपुर। स्थानीय थाना अंतर्गत बासूचक स्टेशन गेट के पश्चिम तरफ कुछ दूरी बुजुर्ग की ट्रेन से कट जाने की वजह से मौत हो गई। बतादे कि शनिवार की दोपहर राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ ललन सिंह पुत्र- स्व0 वासदेव सिंह निवासी ग्राम नारी पचदेवरा निवासी मालगाड़ी ट्रेन से कट गए। मौके पर थाना रामपुर मांझा के संजय कुमार सरोज अपने हमराहियों के साथ पहुंचे और शव की शिनाख्त के बाद घर वालों को सूचना देकर शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

### नगर के युवा नेता पपीयूष गुप्ता को धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। नगर के युवा नेता पपीयूष गुप्ता को धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया भाजपा के वरिष्ठ नेता सतेंद्र सिंह पिंटू जी ने अपने आवास पर केक काटकर जन्मदिन मनाया वहां पर मौजूद लोगों ने एवं सत्येंद्र सिंह पिंटू ने उज्जवल भविष्य एवं लंबी उम्र की कामना की जन्मदिन मनाने वाले सत्येंद्र सिंह पिंटू अमित राय मुकुंद सिंह आजाद दुबे श्याम बिहारी उपाध्याय अतेंद्र गिरी राजू पटेल जितेंद्र यादव वहां के बाद अभिषेक महाजन के नेतृत्व में केक काटकर जन्मदिन मना जन्मदिन मनाने वालेसाथ में सचिन साहनी राम मिश्रा कारण केसरी अभिषेक महाजन अखिलेश सोनकर साद खान सुजल जायसवाल हिमांशु विश्वकर्मा सागर सिद्धांत विश्वकर्मा गोलू विश्वकर्मा,शरद सिंह अल्तमश अली उत्तम गुप्ता अभिषेक महाजन गोरे कनौजिया शुभम7 सुजीत अनुज राजपूत मौजूद रहे।

## चीन 2024 में अगला चन्द्र अन्वेषण प्रक्षेपित करेगा

**बीजिंग, (एजेंसी)।** चीन का अगला चंद्र अन्वेषण मिशन चांग'ई-6 को योजना के अनुसार 2024 के आसपास प्रक्षेपित किया जाएगा। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। देश के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के अनुसार, चांग'ई-6 मिशन चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने एकत्र करेगा। इसका लक्ष्य विभिन्न क्षेत्रों और युगों से चंद्र नमूनों का पता लगाने और एकत्र करने के लिए सुदूरवर्ती दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरना है। सीएनएसए ने कहा कि चंद्रमा के दूर के हिस्से और पृथ्वी के बीच संचार का समर्थन करने के लिए, चीन 2024 की पहली छमाही में अपने नव विकसित रिले उपग्रह क्यूकियाओ -2, या मैगपाई ब्रिज -2 को प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है।

## ईद-ए-मिलाद हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर में पैगंबर मुहम्मद की जयंती ईद-ए-मिलाद शुक्रवार को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सबसे ज्यादा लोगों की भीड असर-ए-शरीफ हजरतबल में देखी गई, जहां पैगंबर मुहम्मद के पवित्र अवशेष रखे हुए है, जहां पुरुषों, महिलाओं और बच्चो सहित हजारों लोगों ने रात भर की प्रार्थना शब खवानी में भाग लिया। सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) ने लोगों को लाने-ले जाने के लिए पूरे दिन लाल चौक से हजरतबल और अन्य घाटी मार्गों तक विशेष बसें संचालित कीं। हजरतबल दरगाह और उसके आसपास कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।

## जर्मन म्यूजियम में रखी नकली पैंटिग, मूल पेंटिंग बेच डाली

**बर्लिन।** म्यूनिख कोर्ट के अनुसार, एक जर्मन संग्रहालय कर्मचारी ने एक पेंटिंग को नकली से बदल दिया और फिर रोल्स रॉयस और महंगी कलाई घड़ियों सहित विलासिता के सामान खरीदने के लिए मूल को बेच दिया। 30 वर्षीय व्यक्ति को तीन अन्य कलाकृतियाँ चुराने का भी दोषी ठहराया गया था। वह जेल जाने से बच गया लेकिन उसे 21 महीने की निलंबित सजा दी गई और संग्रहालय को 60,600 यूरो (64,200 यूएस डॉलर) से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया गया। वह व्यक्ति जिसने यह काम किया, वो म्यूनिख में डॉयचे संग्रहालय का कर्मचारी था, उसने मई 2016 से अप्रैल 2018 तक संग्रह प्रबंधन में काम किया था।

## कर्नाटक में ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन लाने के लिए शुक्रवार को एक अध्यादेश जारी किया। संशोधन से ऑनलाइन मनी गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। राज्यपाल थावरचंद गहलोत की सहमति के बाद रेसकोर्स और कैसीनो पर भी अतिरिक्त टैक्स लगाया जाएगा। वाणिज्यिक कर आयुक्त सी शिखा के अनुसार, अनुमान है कि अतिरिक्त टैक्स लागू होने के बाद राज्य को 1,500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। राज्य सरकार का यह कदम केंद्र सरकार के 1 अक्टूबर से टैक्स बढ़ाने के फैसले के बाद आया है।

## विजिलेंस टीम मनप्रीत की तलाश में हिमाचल पहुंची

**शिमला, (एजेंसी)।** पंजाब में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी के एक दिन बाद अब विजिलेंस टीम भारतीय जनता पार्टी नेता और पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल की तलाश में छह राज्यों में छापेमारी कर रही है। पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और राजस्थान में छापेमारी के लिए टीम पहुंची हुई है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी में भी विजिलेंस टीम ने रेड डाली है। इसके बाद टीम चायल, कोटी और फागू की तरफ निकलेगी, जहां तलाश के साथ-साथ प्रॉपर्टी भी खंगालेगी। दरअसल, पंजाब के बठिंडा जिले में एक संपत्ति की खरीद में कथित अनियमतिताओं के मामले में एक अदालत ने मंगलवार को ही मनप्रीत सिंह बादल के खिलाफ गिरफ्तार वारंट जारी किया था।

## आज का इतिहास

- 1681: नीदरलैंड एवं स्वीडन ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1687: औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्जा किया।
- 1870: फ्रांस के भौतिक वैज्ञानिक जीन बैप्टिस्ट पेरिन का जन्म। उन्हें 1926 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- 1898: अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क की स्थापना हुई।
- 1922: प्रसिद्ध निर्माता-निर्देश ऋषिकेश मुखर्जी का जन्म हुआ।
- 1929: मनुष्य को ले जाने योग्य पहले रॉकेट ने उड़ान भरी।
- 1967: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मौद्रिक प्रणाली में सुधार किया।
- 1984: उ. कोरिया और द. कोरिया ने 1945 के बाद पहली बार सीमा खोली।

# सेना ने 400 हॉवित्जर तोप खरीदने का प्रस्ताव भेजा

**48 किमी रेंज, माइनस 30 से 75 डिग्री तापमान में सटीक फायर कर सकती है**



### जल्द उच्चस्तरीय बैठक बुलाएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आर्मी ने रक्षा मंत्रालय को 400 हॉवित्जर तोप खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर 6 हजार 500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पूरी तरह से स्वदेशी इन तोपों का निर्माण डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने किया है। सेना से जुड़े एक सीनियर अफसर ने बताया कि, सरकार जल्द ही एक हाई लेवल बुलाने वाली है, जिसमें हॉवित्जर तोपों की खरीदी पर फैसला लिया जाएगा। यह तोप पुरानी तोपों से काफी हल्की है। इस तोप से दागे जाने वाले गोलों की रेंज 48 किलोमीटर है, जबकि उसी गोले को बोफोर्स तोप 32 किलोमीटर दूर तक दाग सकती है। ये 155 एमएम की कैटेगरी में दुनिया में सबसे ज्यादा दूरी तक गोले दागने में सक्षम है। यह तोप -30 डिग्री सेल्सियस से लेकर 75 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर सटीक फायर कर सकती है।

## वायुसेना में शामिल होंगे 156 'प्रचंड' हेलीकाप्टर



**भारतीय** वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय के समक्ष 156 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स 'प्रचंड' की मांग रखी है। माना जा रहा है कि वायुसेना की इस मांग को जल्द ही स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। इससे वायु सेना की शक्ति में जबरदस्त इजाफा होगा। यहां एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सभी 156 हेलीकॉप्टर स्वदेशी होंगे। सभी 'प्रचंड' हेलीकॉप्टरों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. बना रहा है। सेना के कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू, डिस्ट्रक्शन ऑफ एनेमी एयर डिफेंस, काउंटर इनसर्जेंसी ऑपरेशन व रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट को धराशाई करने में प्रचंड हेलीकॉप्टर खासे मददगार हैं। यह हेलीकॉप्टर हाई एल्टीट्यूड बंकर बस्टिंग ऑपरेशंस में भी काफी सहायक हैं। इस पर 700 किलो तक के हथियार फिट किए जा सकते हैं। इसकी अधिकतम गति 268 किमी प्रतिघंटा है और रेंज 550 किमी है। 156 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में से 66 हेलीकॉप्टर वायुसेना को मिल सकते हैं, और 90 प्रचंड हेलीकॉप्टर भारतीय थल सेना को मिलेंगे।

## जम्मू में वर्ल्ड हार्ट-डे पर वॉकथॉन आयोजित



जम्मू में 'विश्व हृदय दिवस' पर आयोजित वॉकथॉन में भाग लेते डॉक्टर और छात्र।

## गणेशोत्सव: मुंबई में 39,000 मूर्ति विसर्जित, श्रद्धालुओं ने 'बप्पा' को विदाई दी

**मुंबई।** मुंबई में बृहस्पतिवार को दस दिवसीय गणेशोत्सव के समापन के साथ शुक्रवार दोपहर तक 39,000 से अधिक मूर्तियों को श्रद्धालुओं की मौजूदगी में कृत्रिम तालाबों सहित जलाशयों में विसर्जित किया गया। गणेशोत्सव मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों में मनाए जाने वाले सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। गणेशोत्सव की शुरुआत 19 सितंबर को 'गणेश चतुर्थी' से हुई थी और 28 सितंबर को 'अनंत चतुर्दशी' को इसका समापन हुआ। ढोल-नगाड़ों और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के बीच मुंबई के विभिन्न गणेश मंडलों ने 10 दिवसीय उत्सव के समापन पर भगवान गणेश की मूर्तियों को विसर्जित करने के लिए बृहस्पतिवार को विसर्जन यात्रा शुरू की। उन्होंने कहा कि मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा की मूर्ति के विसर्जन के लिए गुरुवार पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे यात्रा शुरू हुई थी और शुक्रवार सुबह करीब सवा नौ बजे मूर्ति को गिरगांव चौपाटी के अरब सागर तट पर विसर्जित कर दिया गया। जुहू समुद्र तट के पास बृहस्पतिवार शाम को 16 वर्षीय लड़का समुद्र में डूब गया। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तक कुल 39,758 मूर्तियां विसर्जित की गई जिनमें गणपति की घरों में स्थापित 32,345 मूर्तियां, 6,951 'सार्वजनिक' मूर्तियां और देवी गौरी की 462 मूर्तियां थीं। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी द्वारा स्थापित कृत्रिम तालाबों में 11,107 मूर्तियां विसर्जित की गई, जिनमें से घरों में स्थापित गणपति की 10,207 मूर्तियां, 740 सार्वजनिक मूर्तियां और देवी गौरी की 160 मूर्तियां थीं। मुंबई में विसर्जन प्रक्रिया के दौरान भारी भीड़ के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 19,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि विसर्जन प्रक्रिया की निगरानी के लिए अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए थे। बीएमसी ने 69 प्राकृतिक जलाशयों में 1,035 और 200 कृत्रिम तालाबों में 302 समेत कुल 1,337 लाइफगार्ड तैनात किए थे।

# लालू बोले, आनंद अपना अक्ल और शक्ल देखें

**पटना, (एजेंसी)।** ठाकुर का कुआं से शुरू हुआ घमासान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर राजद सुप्रीमो लालू यादव राज्यसभा सांसद मनोज झा का बचाव करते दिखे।

### ठाकुर विवाद पर कोहराम

शुक्रवार सुबह पटना में राबड़ी आवास के पास मीडिया ने उनसे सवाल पूछा कि आनंद मोहन कर रहे हैं कि ठाकुर को लेकर मनोज द्वारा पढ़ी गई कविता से राजपूत समाज का अपमान हुआ है। इस पर लालू यादव ने कहा कि ऐसी बात नहीं है। जिसके पास जितनी अक्ल होगी उतना ही बोलेगा। वह (आनंद मोहन) अपना अक्ल और शक्ल देखें।



वहीं, एक दिन पहले लालू यादव इस मामले का बचाव करते दिखे थे। गुरुवार शाम को उन्होंने कहा था कि मनोज झा विद्वान आदमी हैं। वो सही बात बोले हैं। उन्होंने ठाकुर या राजपूत के खिलाफ नहीं बोला है।

### मनोज झा की तुलना फिटकरी से की

पूर्व सांसद आनंद मोहन ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद मनोज झा पर तीखा हमला किया था। उन्होंने मनोज की तुलना फिटकरी से कर दी। उन्होंने कहा, जिस तरह से फिटकरी का इस्तेमाल शेविंग के बाद किया जाता है। यह कीटाणु को खत्म करता है। एक क्विंटल दूध में एक ढेला डाल दीजिए दूध फट फट जाएगा, यह जमने नहीं देगा। वह फिटकरी मिस्टर झा हैं। इस मामले में आनंद मोहन ने कहा कि यदि हम किसी के साथ हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हम राजनीति में भिखमंगा हैं। अगर आप हमें एक या दो विधानसभा सीट पर सपोर्ट करेंगे तो हम 243 विधानसभा सीट पर आपका समर्थन करेंगे।

## सीआरपीएफ डीजी ने तैयारियों का जायजा लेने कश्मीर का दौरा किया



**श्रीनगर, (एजेंसी)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाओसेन ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने और क्षेत्र में तैनात कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कश्मीर का दौरा किया। सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ महानिदेशक का दक्षिणी कश्मीर में अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में आतंकवादी मुठभेड़ के लगभग दो सप्ताह बाद का यह दौरा है, जिसमें सेना के दो अधिकारी, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक जवान शहीद हो गए। एक सप्ताह तक चले ऑपरेशन में अधिकारियों की हत्या के पीछे शामिल लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी भी मारे गये थे।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति ने नाटो महासचिव से की मुलाकात



**कीव, (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को यूक्रेन और गठबंधन के बीच सहयोग एवं मेल-मिलाप पर चर्चा करने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से मुलाकात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति प्रेस विंग की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। दोनों पक्षों ने रक्षा मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान, यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को संभावित हमलों से बचाना और नाटो सदस्य देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति की संभावनाएं पर भी विचार विमर्श किया गया। श्री जेलेंस्की ने मीडिया को इस वार्ता को 'वास्तव में सहयोगियों के बीच सार्थक बातचीत' बताया।

## सबसे विशाल ग्रह बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा पर मिला कार्बन

**कैलिफोर्निया।** नासा के जेम्स वेब टेलिस्कोब को सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बर्फीले चंद्रमा यूरोपा से कार्बन डाइऑक्साइड निकलने का सुराग मिला है। यूरोपा पर कार्बन की मौजूदगी ने इस उपग्रह पर जीवन की संभावना को बढ़ा दिया है।

**जीवन की संभावना बढ़ी**

बृहस्पति के इस चांद की सतह पर बर्फ की 16 किमी मोटी परत मौजूद है, जिसके नीचे समुद्र भी है। इसी बर्फीली परत के ऊपर कार्बन डाईऑक्साइड के घेरे को आते-जाते देखा गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि सौर मंडल में अगर कहीं जीवन खोजने की शुरुआत की जा सकती है, तो यूरोपा सबसे उपयुक्त जगह है। बता दें कि वैज्ञानिकों को काफी समय से इस बात का पता तो था कि यूरोपा की बर्फीली परत के नीचे समुद्र मौजूद है, लेकिन यह नहीं पता था कि यह पानी जीवन के पनपने के लिए उपयुक्त है या नहीं। हालांकि अब इसमें कार्बन पाए जाने के बाद यहां जीवन पनपने की संभावना नजर आने लगी है।

## श्रीलंका ने भारत को दिया धोखा, चीनी जहाज को 3 माह गश्त लगाने की मंजूरी

**कोलंबो।** भारत और अमेरिका के विरोध का श्रीलंका पर कोई असर नहीं पड़ा है और उसने चीन के जासूसी जहाज शी यान-6 को कोलंबो बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दे दी है। चीन का यह रीसर्च शिप अगले तीन महीने तक हिंद महासागर में बना रहेगा।

श्रीलंका के इस कदम से उसकी मंशा पर संदेह उठने लगे हैं। श्रीलंका ने एक बार फिर से भारत को धोखा दिया है। श्रीलंका ने भारत के विरोध को दरकिनार करते हुए चीन के रीसर्च शिप शी यान 6 को अपने रणनीतिक रूप से बेहद अहम कोलंबो बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दे दी है।

## प्रत्याशियों की नीतियों से अपना नेता चुनेंगे भारतवंशी मतदाता

**वाशिंगटन।** लगभग सभी एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के अनुसार मतदान के समय किसी उम्मीदवार की नीतिगत स्थिति उनकी नस्ल या जातीयता से अधिक महत्वपूर्ण है।

5 जुलाई, 2022 से 27 जनवरी, 2023 तक किए गए प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वेक्षण के अनुसार, एशियाई पंजीकृत मतदाताओं में से 68 प्रतिशत का कहना है कि एक राष्ट्रीय नेता का होना बेहद महत्वपूर्ण है, जो अमेरिकी एशियाई समुदाय की चिंताओं को आगे बढ़ा सकता है।



**नस्लीय पहचान से अधिक उम्मीदवारों की नीतियों को प्राथमिकता देते हैं एशियाई-अमेरिकी: प्यू सर्वेक्षण**

यह निष्कर्ष इसलिए भी प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण एशियाई मूल के दो उम्मीदवार निक्की हेली और विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

अमेरिका में रहने वाले 7,006 एशियाई वयस्कों के बीच किए गए सर्वेक्षण में कहा गया है कि अमेरिका में निर्वाचित अधिकारियों के बीच देश की आबादी में उनके हिस्से की तुलना में एशियाई अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व कम है। 62 प्रतिशत एशियाई मतदाता डेमोक्रेटिक पार्टी को पसंद करते हैं, जबकि 34 प्रतिशत रिपब्लिकन या जीओपी की ओर झुकाव रखते हैं। लगभग दस में से चार एशियाई अमेरिकी पंजीकृत मतदाता कहते हैं कि मुद्रास्फीति उनके स्थानीय समुदाय के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है।

## संसद प्रकरण में चुप्पी तोड़ें पीएम मोदी: दानिश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी के नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी सांसद रमेश बिधुड़ी मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जवाबदेही तय की जानी चाहिए। अमरोहा से लोकसभा सांसद दानिश अली ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा में जो प्रकरण हुआ उसके आठ दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई का नामोनिशान नहीं दिखा दे रहा है यह हैरान और परेशान करने वाला है। इसके विपरीत उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जन से मारने की धमकियाँ दी जा रही है। यह क्या हो रहा है इस देश में।

**आठ दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं**

### बापू के देश में लिंचिंग की घटनाएं

उन्होने कहा कि सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन्होंने खत लिखा है। प्रधानमंत्री सदन के नेता हैं इसलिए उनकी ज़िम्मेदारी अधिक बनती है। बापू के देश में जिस प्रकार लिंचिंग की घटनाये हो रही है उससे दुनिया को हम क्या संदेश दे रहे हैं। बसपा सांसद ने श्री मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि उनकी जान को खतरा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार की सार्वजनिक तौर पर निंदा करने से संसदीय कार्यवाही के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की आपकी प्रतिबद्धता का पता चलेगा।

## शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए क्रान्तिकारी फैसलों से मिशन 2030 का हुआ मार्ग प्रशस्त- गहलोत

**जयपुर, (ब्यूरो)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रान्तिकारी फैसले लिए गए और राज्य को देश में अग्रणी बनाने के मिशन-2030 का मार्ग प्रशस्त हुआ। गहलोत शुक्रवार को बिडला सभागार में आयोजित राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर अहम निर्णय ले रही है। इन्हीं का परिणाम है कि राज्य ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रान्तिकारी आयाम स्थापित किए हैं। इन फैसलों को धरातल पर उतारने में नर्सिंग तथा चिकित्सा कर्मियों की अहम भूमिका रही है। कोविड महामारी के दौरान भी जब इंसान अपनी जिन्दगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था, तब डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अपनी जान की बाजी लगाकर काम किया, इसे भुलाया नहीं जा सकता।

**फिल्मी तड़का**

## मेकर्स ने फिल्म सालार की रिलीज डेट से उठाया पर्दा, 22 दिसंबर को आएगी



**नया पोस्टर जारी कर खत्म किया फैंस का इंतजार**

**मुंबई।** प्रभास के फैंस उनकी अपकमिंग फिल्म सालार का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, इसी बीच मेकर्स ने फैंस का इंतजार खत्म कर एक गुड न्यूज दी है। फिल्म मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया हैं। मेकर्स ने हाल ही में सलार का नया पोस्टर जारी कर दिया। इस पोस्टर में प्रभास खून से लथपथ नजर आ रहे हैं।

यह फिल्म इसी साल 22 दिसंबर को सिनेमा घरों में रिलीज होगी। सालार फिल्म के मेकर्स का मुकाबला अब शाहरुख खीन की फिल्म डंकी से टकराने को तैयार है।

आपको बता दें कि पहले यह फिल्म अपने वीएफएक्स के शूट को लेकर पहले कई अटकलों का सामना कर रही थी। जिसके चलते फिल्म की रिलीज डेट को टाल दिया गया था। जिसके चलते यह खबरें आ रही थी। कि अब यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। लेकिन मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की खबरों से पर्दा हटा दिया है। फिल्म सालार 22 दिसंबर को शाहरुख खान की फिल्म डंकी से टकराएगी। यानि की दिसंबर महीने में इन दो बड़ी फिल्मों के बीच क्लैश पक्का है। देखना मजेदार होगा कि कौनसी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना डंका बजाती है।



## फिल्म फाइटर के शूट से दीपिका की फोटो वायरल, इटली में चल रही है शूटिंग

**मुंबई।** जवान, ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के बाद, फाइटर शुरू से ही काफी चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म का निर्देशन वॉर डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म को भारत की पहली हवाई एक्शन फ्रेंचाइजी के रूप में जाना जाएगा। लीड रोल के अलावा फिल्म में अनिल कपूर भी अहम भूमिका में होंगे. इन दिनों फिल्म की शूटिंग इटली में चल रही है। जहां से एक्ट्रेस दीपिका पादूकोण की एक फोटो इंटरनेट पर बड़ी तेजी से वायरल हो रही है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिलहाल फाइटर के 15 दिन के शेड्यूल के लिए इटली में हैं। दोनों वहां दो गानों की शूटिंग करेंगे। हाल ही में इटली के फी बीच पर सेट से दीपिका की एक तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो रही है। फोटो में डीपी को क्रू मेंबर के साथ तस्वीर क्लिक करते देखा जा सकता है। एक्ट्रेस कम से कम मेकअप के साथ काले रंग के आउटफिट में सन-किस्ड फोटो में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

## अपने दूतावासों से पाक करता है खालिस्तानियों की मदद

### एनआईए के पूर्व डीजी ने किया खुलासा



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के पूर्व महानिदेशक वाई.सी. मोदी ने खालिस्तानी आतंकियों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि पाकिस्तान ने ही कश्मीर की समस्या पैदा की और पंजाब में भी वो ऐसा ही कर रहा है।

उनके मुताबिक, दूसरे देशों में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास खालिस्तानी गतिविधियों में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि एनआईए एक प्रोफेशनल एजेंसी है। जिसने कई बार कनाडा को खालिस्तानियों के बारे में इनपुट्स शेयर किए हैं, लेकिन कनाडा की और से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। एनआईए ने गुरपतवंत सिंह पन्नू और निज्जर के बारे में कंक्रीट एविडेंस कनाडा को दिए लेकिन वे किसी भी तरीके से कोई रिस्पॉन्स नहीं देते हैं।

वाईसी मोदी ने कहा कि भारत की कभी भी यह पॉलिसी नहीं रही है कि वो कोई ऐसा काम करे, जिससे कि उसकी छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब हो। उन्होंने जस्टिन ट्रूडो के आरोप पर कहा कि कनाडा ने जो एलिगेशन हरदीप सिंह गुर्जर की हत्या के मामले में लगाया है, वह बिल्कुल निराधार है। कनाडा के पास कोई भी एविडेंस इस बात को लेकर के नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### एलएंडटी को 7,000 करोड़ रुपए का ठेका मिला

नई दिल्ली। इंजीनियरिंग व निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को भूमिगत सड़क सुरंग के डिजाइन तथा निर्माण के लिए 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है। यह अनुबंध मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी से एलएंडटी के भारी नागरिक अवसंरचना व्यवसाय को मिला। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, परियोजना के काम के दायरे में टनल बोरिंग मशीनों का इस्तेमाल करके जुड़वां सड़क सुरंगों का डिजाइन तथा निर्माण शामिल है। इस परियोजना के 54 महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने नागपुर में 109 एकड़ जमीन खरीदी

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने नागपुर में करीब 109 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। कंपनी वहां आवासीय योजना की शुरुआत करेगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस भूमि पर मुख्य रूप से आवासीय इकाइयां बनाई जाएंगी और 22 लाख वर्ग फुट का अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्र पेश किया जाएगा। कंपनी ने सौदे का मूल्य और विक्रेता के नाम का खुलासा नहीं किया। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एमडी गौरव पांडे ने कहा कि इस नए भूखंड के अधिग्रहण से नागपुर में कंपनी की उपस्थिति और बढ़ गई है। गोदरेज प्रॉपर्टीज, व्यापारिक समूह गोदरेज इंडस्ट्रीज की एक शाखा है।

### मोटोरोला की स्मार्टफोन के लिए पेशकश

नई दिल्ली। भारत में 5जी स्मार्टफोन के सर्वश्रेष्ठ ब्रंड मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले अपने स्मार्टफोन्स पर अब तक की सबसे कम कीमत के साथ भारी डिस्काउंट की घोषणा की है। बीते 28 सितंबर को शाम सात बजे से मोटोरोला एज, मोटो जी और मोटो ई सीरीज़ के ज्यादातर स्मार्टफोन को फेस्टिव स्पेशल बिलियन डेज़ सेल प्राइस पर खरीद शुरू हो चुकी है। इसके अलावा बिग बिलियन डेज़ स्पेशल स्मार्टफोन मोटोरोला एज 40 नियो भी पहली बार सीमित समय के लिए फेस्टिव स्पेशल प्राइस पर उपलब्ध है। इस स्मार्टफोन की कीमत 19999 रुपये से 21999 रुपये के बीच है।

### यूनो मिंडा संयुक्त उद्यम में हिस्सेदारी 76 फीसद करेगी

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा निर्माता कंपनी यूनो मिंडा के निदेशक मंडल ने एक संयुक्त उद्यम कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ाकर 76 प्रतिशत करने को मंजूरी दे दी है। यूनो मिंडा की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल ने अपने संयुक्त उद्यम भागीदार वेस्टपोर्ट फ्यूल सिस्टम्स इटालिया से अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके मिंडा वेस्टपोर्ट टेक्नोलॉजीज लि. में हिस्सेदारी 50 से बढ़ाकर 76 प्रतिशत करने को मंजूरी दे दी है। बयान के अनुसार, 26 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 15 करोड़ रुपये में हासिल की जा सकती है। शेयरों का अधिग्रहण 31 मार्च से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### बजाज ऑटो ने लॉन्च किया पल्सर एन 150

लखनऊ। देश की प्रमुख दोपहिया निर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने भारत में ऑल न्यू पल्सर एन150 लॉन्च किया है। पल्सर एन150 के साथ स्पोर्ट्स बाइक पोर्टफोलियो के लिए ऐसा एक योग्य नया सदस्य मिला है जो न केवल पल्सर मेनियाक्स की विरासत को बनाए रखने का वादा करता है। बजाज ऑटो के अध्यक्ष - मोटरसाइकिल, सारंग कनाडे ने बताया कि यह एक स्पोर्टियर अंडरबेली एग्जॉस्ट से लैस है। नई बजाज पल्सर एन150 में बेहतर हैंडलिंग के लिए पीछे सटीक-इंजीनियर्ड मोनो-शॉक सस्पेंशन, एक स्पोर्टी अंडरबेली एग्जॉस्ट शामिल है जो न केवल इसके सौंदर्य को बढ़ाता है बल्कि प्रदर्शन को भी बढ़ाता है।

### लावा ने लॉन्च किया प्रो 5 ज़ी

लखनऊ। स्मार्टफोन ब्रांड, लावा ने ब्लेज़ प्रो 5 ज़ी को बाजार में उतारने की घोषणा की। ब्लेज़ प्रो 5 ज़ी में मीडियाटेक डाइमेंशन 6020 सुपर-फास्ट प्रोसेसर लगाया गया है, जो प्रदर्शन और उपयोगकर्ता अनुभव के मामले में एक स्मार्टफोन के लिए नई मिसाल कायम करता है। ब्लेज़ प्रो 5ज़ी में ब्लोटवेयर से पूरी तरह मुक्त एंड्रॉइड-13 ऑपरेटिंग सिस्टम मौजूद है, जो 128 जीबी स्टोरेज और 8जीबी के साथ उपलब्ध है जिसे 16जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। यह स्मार्टफोन 3 अक्टूबर से लावा के रिटेल नेटवर्क के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा।

*(एजेंसियां)*

## पांच साल की आरडी पर ब्याज बढ़ा, अन्य पर यथावत

नई दिल्ली (भाषा)।

■ पांच साल की आवर्ती जमा पर ब्याज दर 6.5 फीसद से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत किया

■ बचत जमा पर 4 प्रतिशत और एक साल की एफडी पर 6.9 फीसद जबकि पांच साल की एफडी पर 7.5 फीसद ब्याज मिलता रहेगा

सरकार ने दिसंबर तिमाही के लिए पांच साल की आवर्ती जमा (आरडी) योजना पर ब्याज दर 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दी है। हालांकि, पीपीएफ समेत अन्य सभी छोटी बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, बचत जमा पर चार प्रतिशत और एक साल की सावधि जमा पर 6.9 प्रतिशत ब्याज पहले की तरह मिलता रहेगा।

दो साल और तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज सात प्रतिशत है जबकि पांच साल की सावधि जमा पर 7.5 प्रतिशत है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर 8.2 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। मासिक आय खाता योजना पर ब्याज 7.4 प्रतिशत है जबकि राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र पर यह 7.7 प्रतिशत और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) योजना पर 7.1 प्रतिशत है।

किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत है और यह 115 महीनों में परिपक्व होगा। परिपत्र के अनुसार, लोकप्रिय बालिका योजना 'सुकन्या समृद्धि खाता' पर ब्याज दर आठ प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है। सरकार हर तिमाही में, मुख्य रूप से डाकघरों में संचालित छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर अधिसूचित करती है।

## बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 14 महीनों के शीर्ष पर

नई दिल्ली (भाषा)।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर इस साल अगस्त में 14 महीनों के उच्च स्तर 12.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। एक साल पहले इसी महीने में यह 4.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक कोयला, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में वृद्धि से अगस्त महीने में बुनियादी क्षेत्रों की तेजी को बल मिला।

पिछले 14 महीनों की सबसे अधिक वृद्धि दर अगस्त में रही है। पिछला उच्च स्तर जून, 2022 में 13.2 प्रतिशत रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त में रिफाइनरी उत्पादों, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी बढा।

इसके पहले जुलाई महीने में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी। हालांकि चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में आठ क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि 7.7 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले की अवधि में 10 प्रतिशत थी।

## राजकोषीय घाटा अप्रैल-अगस्त के दौरान 6.42 लाख करोड़ रुपए रहा

■ वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य

■ वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में केंद्र सरकार का कुल खर्च 16.71 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 37.1 प्रतिशत रहा

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में समूचे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 36 प्रतिशत हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, सरकार की आय एवं व्यय के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा अप्रैल-अगस्त के दौरान वास्तविक संदर्भ में 6.42 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित लक्ष्य का 36 प्रतिशत है।

पिछले साल की समान अवधि में सरकार का राजकोपीय घाटा कुल बजट अनुमान का 32.6 प्रतिशत रहा था।

वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में राजकोपीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.9 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में राजकोपीय घाटा जीडीपी का 6.4 प्रतिशत रहा था जबकि इसका पिछला अनुमान 6.71 प्रतिशत था।

सीजीए ने अप्रैल-अगस्त 2023 में केंद्र सरकार के राजस्व-व्यय का आंकड़ा जारी करते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए शुद्ध कर राजस्व 8.03 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 34.5 प्रतिशत रहा। पिछले साल की समान अवधि में शुद्ध कर राजस्व संग्रह 36.2 प्रतिशत था। वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में केंद्र सरकार का कुल खर्च 16.71 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 37.1 प्रतिशत रहा। एक साल पहले खर्च बजट अनुमान का 35.2 प्रतिशत था। सरकार के कुल खर्च में से 12.97 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते और 3.73 लाख करोड़ रुपये पूंजी खाते में से हुए।

# देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली

नई दिल्ली (भाषा)।



■ केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में देश नीतिगत पंगुता से बाहर निकला

■ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली : शाह

■ जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के बाद न केवल व्यापार और उद्योग में बल्कि देश के हर क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पिछले नौ साल में संघीय ढांचे में निर्णायक नीतियां, राजनीतिक स्थिरता, लोकतंत्र और सामूहिक रूप से काम करने की भावना देखी गई जिसने देश को "नीतिगत पंगुता" से बाहर निकाला है। गृह मंत्री ने 'चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के 118वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2004 से 2014 के कालखंड ने "देश को हिलाकर रख दिया" जो राजनीतिक अस्थिरता का "आखिरी कालखंड" भी था।

शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षो ने काम का नतीजा देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को भी एक नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा, "पिछले नौ वर्ष राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नीति निर्माण के रहे हैं...इस अवधि के दौरान हमारा सकल घरेलू उत्पाद 2,030 अरब डॉलर से बढ़कर 3,750 अरब डॉलर हो गया है जो लगभग दोगुना है। प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 68,000 रुपये बढकर 1.80 लाख रुपए पहुंच गई है।" शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले नौ साल में हर क्षेत्र में भारत को बदलने का प्रयास किया और कामयाब भी रहे।

उन्होंने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन करने के बाद न केवल व्यापार और उद्योग में बल्कि देश के हर क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी लोग एक नई गति का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं जहां से उसे ऊर्जा मिलती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "नीतियों में लाए गए बदलावों के कारण आज भारत की हर जगह चर्चा हो रही है और भारत को दुनियाभर में जीवंत देश के रूप में जाना जाता है।" उन्होंने कहा कि दुनिया में जब भी कोई कंपनी अपना आधार बदलना चाहती है तो भारत एक आकर्षक स्थल के रूप में उभरता है।"

शाह ने कहा, "हमारा देश सबसे युवा है और हमारे पास सबसे बड़ी संख्या में इंजीनियर, डॉक्टर और तकनीकविद हैं। यहां लोकतंत्र है, सामूहिक रूप से काम करने की भावना है और मोदी जी के नेतृत्व में नीति निर्धारण भी स्पष्ट है। अतः अब कोई भी भारत को अमृतकाल में हर क्षेत्र में अपने आप को पहले स्थान पर स्थापित करने से नहीं रोक सकता।" उन्होंने कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने देश के 14 क्षेत्रों में 'मेक इन इंडिया' का सपना साकार किया है। उन्होंने कहा, "यह सही समय है। भारत के व्यापार और उद्योग के लिए अगले 25 साल अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारतीय उद्योग को अपना आकार और पैमाना दोनों बदलने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।"

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह वक्त की मांग है कि भारतीय कंपनियां बहु-राष्ट्रीय बनें। शाह ने कहा, "बड़े उद्योगों के साथ ही छोटे उद्योगों के नेटवर्क को मजबूत करना होगा और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को इसमें मार्गदर्शन तथा बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए दृढ़तापूर्वक आगे आना होगा।"

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति के कारण भारत अगले 10 साल में छात्रों के लिए दुनिया का सबसे उत्कृष्ट स्थान होने वाला है।

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 590.70 अरब डॉलर पर

मुंबई (भाषा)।

**अक्टूबर 2021 में 645 अरब डालर था विदेशी मुद्रा भंडार**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.33 अरब डॉलर घटकर 590.70 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर घटकर 593.04 अरब डॉलर रहा था।

अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल वैश्विक घटनाक्रम के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर में गिरावट थामने के लिए इस पूंजी भंडार का उपयोग किया था जिससे विदेशी मुद्राभंडार में कमी आई।

रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.55 अरब डॉलर घटकर 523.36 अरब डॉलर रही।

डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 30.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.31 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.01 अरब डॉलर रहा।

आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 5.02 अरब डॉलर रहा।

## शेयर बाजार में लौटी रौनक सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

मुंबई (भाषा)।



■ सेंसेक्स 320.09 अंक चढ़कर 65828.41 अंक पर बंद हुआ

■ निफ्टी भी 114/75 अंक उछल कर 19638.30 अंक पर पहुंचा

अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच धातु, वित्तीय एवं ऊर्जा शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 320 अंक चढ गया जबकि निफ्टी में 115 अंक की बढत दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 320.09 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढकर 65,828.41 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 643.33 अंक तक उछलकर 66,151.65 पर पहुंच गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 114.75 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 19,638.30 पर बंद हुआ। इस तरह सेंसेक्स और निफ्टी पिछले कारोबारी सत्र की गिरावट से उबरने में सफल रहे। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 610.37 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरकर 65,508.32 अंक पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 192.90 अंक यानी 0.98 प्रतिशत टूटकर 19,523.55 अंक पर रहा था।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में एनटीपीसी सर्वाधिक तीन प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रही। इसके अलावा टाटा मोटर्स, सन फार्मा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक भी चढकर बंद हुईं।

दूसरी तरफ पावर ग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस और टाइटन के शेयरों में गिरावट रही। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। हांगकांग, चीन, ताइवान और दक्षिण कोरिया में बाजार बंद रहे। यूरोप के बाजार बढत के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढत के साथ बंद हुए थे। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.28 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल बने हुए हैं। शेयर बाजारों के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 3,364.22 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## एडीबी से अगले साल एशिया, प्रशांत क्षेत्र को मिलेंगे 100 अरब डॉलर

नई दिल्ली (भाषा)।

**एशियाई विकास बैंक ने पूंजी प्रबंधन सुधारों को दी मंजूरी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने शुक्रवार को पूंजी प्रबंधन सुधारों को मंजूरी दे दी, जिससे अगले 10 साल में एशिया, प्रशांत क्षेत्र को 100 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्त मिल सकेगा। इससे जलवायु परिवर्तन संबंधी चुनौतियों समेत अन्य संकटों से निपटने के लिए जरूरी संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी।

इन सुधारों को एडीबी के पूंजी पर्याप्तता ढांचे (सीएएफ) को अद्यतन करके पेश किया गया। बैंक की वार्षिक नयी प्रतिबद्धताओं को 36 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाया गया। इस तरह इसमें लगभग 10 अरब डॉलर या लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एडीबी ने एक बयान में कहा, 'एशियाई विकास बैंक ने आज पूंजी प्रबंधन सुधारों को मंजूरी दी। इससे क्षेत्र के विभिन्न संकटों से निपटने के लिए अगले दशक में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्त पोषण मिलेगा।' एडीबी ने अपनी ऋण क्षमता बढ़ाने के लिए सीएएफ को अद्यतन किया है। एडीबी के अध्यक्ष मासात्सुगु असाकावा ने कहा कि इन महत्वपूर्ण सुधारों से बहुपक्षीय बैंक के कमजोर सदस्यों को अधिक रियायती दरों पर संसाधन मिल सकेंगे तथा पूरे एशिया, प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए एडीबी की क्षमता बढ़ेगी।

## अशोक लेलैंड को गुजरात से मिला 1,282 बसों का आर्डर

चेन्नई (भाषा)। अशोक लेलैंड को गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम से 1,282 बसों की आपूर्ति का ठेका मिला है। हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अनुबंध की शर्तो के अनुसार, अशोक लेलैंड चरणबद्ध तरीके से 55-सीट वाली पूरी तरह से तैयार बीएस-ज्क्ष डीजल बसें मुहैया कराएगी। कंपनी ने कहा कि यह किसी एक मूल उपकरण का निर्माण करने वाली कंपनी को राज्य परिवहन उपक्रम से मिले सबसे बड़े अनुबंध में से एक है।

कंपनी के अध्यक्ष (मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन) संजीव कुमार ने कहा, "हम गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम से यह ठेका मिलने से काफी खुश हैं। अशोक लेलैंड से जीएसआरटीसी लंबे समय से जुड़ी है। उनके पास पहले से ही बीएस-6 की 2,600 से अधिक बसें हैं।'

## भारत सीमापार भुगतान को सुगम बनाने को कई देशों के सम्पर्क में : आरबीआई

कोलकाता (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी मौजूद होने के बावजूद दूसरे देशों से धन भेजने में ऊंची लागत होना अविवेकपूर्ण है और भारत सीमापार भुगतान को सुगम बनाने के लिए कई देशों के संपर्क में है। शंकर ने यहां संगोष्ठी को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक वर्ष 2022 में वैश्विक सीमापार धनप्रेषण 830 अरब डॉलर का था जिसमें भारत को सबसे ज्यादा धन भेजा गया था।



उन्होंने कहा, 'विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, कम राशि के धनप्रेषण पर औसत शुल्क 6.2 प्रतिशत था। कुछ देशों के लिए यह लागत आठ प्रतिशत तक रह सकती है। डेटा कनेक्टिविटी के इतना सस्ता होने के दौर में इतनी ऊंची लागत होना पूरी तरह अविवेकपूर्ण है।'

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा, मेरा मानना है कि मौजूदा प्रौद्योगिकी के दौर में यह स्थिति नहीं रह सकती है।

धन भेजने की ऊंची लागत को कम करने के लिए भारत प्रयास कर रहा है और हाल ही में पेश की गई डिजिटल मुद्रा सीबीडीसी इसका एक संभावित समाधान हो सकती है।' उन्होंने कहा, 'अगर हम सीबीडीसी प्रणाली को विभिन्न देशों से जोड़ने के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य समाधान लेकर आते हैं तो इससे भारत को विदेशों से धन भेजने पर आने वाली लागत में नाटकीय रूप से गिरावट आएगी।

शंकर ने कहा कि भारत धनप्रेषण की ऊंची लागत में कमी लाने के लिए कई दूसरे देशों के साथ बातचीत कर रहा है। भारत ने फरवरी में सिंगापुर के साथ यूपीआई-पेनाऊ को जोड़ने का समझौता लागू किया था। इससे एक-दूसरे देश में धन भेजना काफी सुविधाजनक और त्वरित हो गया है। जुलाई में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ भी इसी तरह का एक समझौता किया है।

## एअर इंडिया ने किया पहले ए-350 विमान का अधिग्रहण

नई दिल्ली (भाषा)।



**टाटा समूह अपने एयरलाइन व्यवसाय को मजबूत करने की प्रक्रिया में**

एअर इंडिया ने गिफ्ट सिटी के जरिए एचएसबीसी के साथ वित्त पट्टा लेनदेन के माध्यम से अपने पहले ए350-900 विमान का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। यह देश के पहले अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) गिफ्ट सिटी के जरिए पट्टे पर लिया जाने वाला पहला 'वाइड बॉडी' विमान है। एयरलाइन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लेन-देन को इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एआई फ्लीट सर्विसेज लिमिटेड (एआईएफएस) द्वारा पूरा किया गया। यह इस साल की शुरुआत में दिए गए 470 विमान के ऑर्डर में से पहला वित्तपोषण लेनदेन है ।

एअर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक एवं परिवर्तन अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण लेन-देन गिफ्ट आईएफएससी से हमारे विमान पट्टे के व्यवसाय की शुरुआत का प्रतीक है। एआईएफएस विस्तृत निकाय विमान वित्तपोषण के लिए एअर इंडिया समूह की पहली इकाई होगी, जो हमारे और हमारी अनुषंगी कंपनियों के लिए भविष्य की विमान वित्तपोषण रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। "

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के कार्यकारी निदेशक दीपेश शाह ने कहा कि वह विमान पट्टे और वित्तपोषण के लिए विनियामक क्षमता विकसित करने के लिए हितधारकों के साथ काम कर रहा है ।

एअर इंडिया ने इस साल जून में एयरबस और बोइंग के साथ इन विमानों के अधिग्रहण के लिए खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अभी एअर इंडिया के पास 116 विमानों का बेड़ा है, जिसमें 49 'वाइड बॉडी' (चौड़े) विमान शामिल हैं ।

वहीं टाटा समूह अपने एयरलाइन व्यवसाय को मजबूत करने की प्रक्रिया में है, जिसके तहत एआईएक्स कनेक्ट का एअर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय हो रहा है और विस्तारा का एअर इंडिया के साथ विलय किया जाएगा।

विस्तारा टाटा और सिंगापुर एयरलाइन का एक संयुक्त उद्यम है। सिंगापुर एयरलाइन की वाहक में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी को मिला 1,535 करोड़ का अनुबंध

नई दिल्ली (भाषा)। नवीकरणीय समाधान प्रदाता स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी को एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी से 1,535 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला है। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एसडब्ल्यूआरई) को गुजरात में कच्छ के रण, खावड़ा आरई पावर पार्क में एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 300 मेगावाट की ईपीसी परियोजना का अनुबंध मिला है। अनुबंध के तीन साल का कुल मूल्य 1,535 करोड़ रुपये होगा। कंपनी को एक साल से अधिक समय में एनटीपीसी आरईएल से तीसरा ऑर्डर मिला है।

स्टर्लिंग और विल्सन नवीकरणीय ऊर्जा समूह के वैश्विक सीईओ अमित जैन ने कहा, " 300 मेगावाट एसी का नया ऑर्डर, हमारे 2.47 गीगावाट एसी के मौजूदा खंड के अनुरूप है।

## एनएचएआई जुटा सकता है दो लाख करोड़ रुपए

मुंबई (भाषा)।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पास वित्त वर्ष 2023-24 और 2026-27 के बीच अपनी हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) वाली परिसंपत्तियों को बाजार पर चढ़ाकर लगभग दो लाख करोड़ रुपये प्राप्त करने की गुंजाइश है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रेटिंग एजेंसी केयर एज की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट के मुताबिक, एनएचएआई की सड़कें मध्यम अवधि में परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण यानी बाजार पर चढ़ाने की अच्छी संभावनाएं रखती हैं। मौद्रीकरण को एचएएम परिसंपत्तियों और ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) परियोजनाओं के विस्तारित पोर्टफोलियो के जरिये अंजाम दिया जा सकता है।

हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) का एक प्रकार है। इसे उन परियोजनाओं के लिए अपनाया जा सकता है जो बीओटी यानी बनाओ, अपनाओ और सौंप दो (टोल) मॉडल के तहत व्यवहारिक नहीं हैं। इसमें प्राधिकरण परियोजना को व्यवहारिक बनाने के लिये संबंधित कंपनी को बोली आधार पर तय परियोजना लागत का 40 प्रतिशत तक भुगतान करती है।

इन परिसंपत्तियों के जरिये मौद्रीकरण की क्षमता 2024-27 के दौरान 1.75 लाख करोड़ रुपये से लेकर दो लाख करोड़ रुपये तक हो सकती है।

# भारतीय निशानेबाजों ने छठवें दिन दो स्वर्ण समेत कुल पांच पदकों पर लगाया निशाना

## एशियन गेम्सः रामकुमार-साकेत की जोड़ी ने रजत और भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने कांस्य पदक जीता



पलक ने 10 मी. एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता।



ईशा, पलक व दिव्या की तिकड़ी ने 10 मी. एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत जीता।

### किरण बालियान को शॉटपुट में कांसा



किरण बालियान ने शॉटपुट यानी गोला फेंक प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया। वह 1951 के बाद से 72 साल में भारत के लिए इस स्पर्धा में पदक प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 17.36 मीटर के थ्रो के साथ पदक जीता। महिलाओं के गोला फेंक में भारत के नाम ज्यादा पदक नहीं हैं। हालांकि जकार्ता में 2018 में पुरुषों की प्रतिस्पर्धा में तेजिंदरपाल सिंह तूर के स्वर्ण पदक जीतने के साथ इस स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया है। बारबरा वेबस्टर शॉट पुट में कांस्य पदक जीतने वाली आखिरी भारतीय महिला थीं।

**हांगझोउ,(एजेंसी)।** चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के छठवें दिन शुक्रवार को भारतीय दल ने आठ पदक अपने नाम किए। भारतीय निशानेबाजों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और तीन रजत जीते। वहीं टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने पुरुष युगल में रजत और स्क्वॉश में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत अब पदक तालिका में आठ स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 33 पदक जीतकर चौथे पायदान पर आ गया हैं।

भारतीय निशानेबाज पलक और ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। पलक व्यक्तिगत स्पर्धा में 242.1 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। हमवतन निशानेबाज ईशा सिंह ने 239.7 के स्कोर साथ रजत पदक जीता। ईशा सिंह, पलक और दिव्या थडिगोल सुब्बाराजू की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1731 अंक दर्ज कर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1769 स्कोर किया जो कि पिछले वर्ष पेरू में अमेरिका द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से आठ अंक अधिक है। स्वप्निल (591) और ऐश्वर्य (591) क्वालीफिकेशन चरण में शीर्ष पर हैं और एक नया क्वालीफिकेशन एशियाई और एशियन गेम्स रिकॉर्ड साझा करते हैं। भारत के निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने टीम इवेंट में जीत हासिल करने के बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष फाइनल में रजत पदक जीता। ऐश्वर्य ने 459.7 अंक हासिल किए। भारतीय निशानेबाजों ने छह स्वर्ण समेत 18 पदक जीत कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले एशियाई खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 में था जब उसने 14 पदक जीते थे ।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 105 | 63 | 32 | 200 |
| जापान | 27 | 35 | 37 | 99 |
| दक्षिण कोरिया | 26 | 28 | 48 | 102 |
| भारत | 8 | 12 | 13 | 33 |
| थाईलैंड | 8 | 3 | 9 | 20 |
| उज्बेकिस्तान | 7 | 10 | 15 | 32 |
| हॉन्गकॉन्ग | 5 | 13 | 18 | 36 |
| चीनी ताइपे | 5 | 5 | 9 | 19 |
| ईरान | 3 | 10 | 10 | 23 |
| उत्तर कोरिया | 3 | 6 | 4 | 13 |

### साकेत-रामकुमार की भारतीय जोड़ी को रजत से करना पड़ा संतोष



टेनिस की पुरुष युगल स्पर्धा में साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन की भारतीय जोड़ी ने रजत पदक जीता। फाइनल मुकाबले में साकेत माइनेनी और रामकुमार की जोड़ी को चीनी ताइपे के जेसन और यू-हसिउ की जोड़ी सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। चीनी ताइपे जोड़ी को इस जीत के साथ स्वर्ण और भारतीय जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### मुक्केबाजी: निकहत जरीन सेमीफाइनल में, पेरिस ओलंपिक का कोटा भी मिला



जॉर्डन की हनान नासर को मात्र 53 सेकेंड में धराशायी कर विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने एशियाई खेल में महिलाओं के 50 किग्रा मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ पेरिस ओलंपिक का कोटा भी हासिल कर लिया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरुआत अपने प्रभावशाली जैब के साथ की और अपने फुटवर्क का भी बेहतरीन इस्तेमाल किया। पहले राउंड में ही रेफरी ने हनान नासर के लिए स्टैंडिंग काउंट जारी कर दिया। जॉर्डन की खिलाड़ी को जल्द ही आगे बढ़ने के लिए अनफिट घोषित कर दिया गया और निकहत जरीन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उनका सामना रविवार को थाईलैंड की चुथामत रक्सत से होगा।

### हॉकी: भारतीय पुरुष टीम की लगातार तीसरी जीत



हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहले राउंड में जापान को 4-2 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है। भारत की ओर से अभिषेक खेल के 13वें और 48वें मिनट में जबकि मनदीप सिंह ने 24वें मिनट में और अमित रोहिदास ने 34में मिनट में गोल दागे। वहीं, जापान की ओर से गेंकी मिटानी ने खेल के 57वें मिनट में और रयोसी काटो ने 60वें मिनट में 1-1 गोल किए। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल एक में पाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष पर पहुंच गई है। भारतीय टीम अब अपना मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को खेलेगी।

**महिला टीम ने मलेशिया को रौंदा:** भारतीय महिला हॉकी टीम ने मलेशिया को 6-0 से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने मैच के शुरुआती क्वॉर्टर में ही चार गोल दाग कर दबाव बना दिया। मोनिका (सातवें मिनट) ने भारत का खाता खोला जिसके बाद दीप ग्रेस एक्का (आठवें), नवनीत कौर (11वें), वैष्णवी विट्ठल (15वें), संगीता कुमारी (24वें) और लालरेम्सियामी (50वें) ने भी गोल किए।

### भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने देश को दिलाया कांस्य पदक



भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। तन्वी खन्ना मुकाबले का पहला मैच हांगकांग से हार गई और वहीं अनहम को ली का यी ने हराया। हालांकि जोशना चिनप्पा ने दूसरे मैच को जीतकर भारत को बराबरी पर ला दिया था लेकिन अनहत की हार के कारण टीम फाइनल में नहीं पहुंच सकी। सेमीफाइनल में भारतीय टीम को हांगकांग ने हराया और भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

### बैडमिंटन: भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में, 37 साल बाद पदक पक्का, महिलाएं हारीं

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर 37 साल के अंतराल के बाद एशियाई खेलों में पदक पक्का किया। भारत ने आखिरी बार 37 साल पहले एशियाई खेलों में पुरुष टीम पदक जीता था। सैयद मोदी के नेतृत्व में टीम ने सियोल 1986 में कांस्य पदक जीता था। वहीं स्टार शटलर पीवी सिंधु के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने प्रिंस दहल को हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। किदांबी श्रीकांत ने दूसरे मुकाबले में सुनील जोशी को हराकर भारत को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया। फिर, मिथुन मंजुनाथ ने बिष्णु कटुवाल को हराकर पुरुष टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में भारत की प्रगति को सील कर दिया। महिला टीम को थाईलैंड के खिलाफ 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय स्टार पीवी सिंधु पहले मैच में पोर्नपावी चोचुवोंग से हार गईं।

# कमेंटेरी बॉक्स में लगेगा दिग्गजों का जमावड़ा

## वनडे वर्ल्डकपः गावस्कर, शास्त्री समेत कई पूर्व क्रिकेटर आएंगे नजर



**मुंबई,(एजेंसी)।** सुनील गावस्कर,रवि शास्त्री, के श्रीकांत समेत क्रिकेट के कई दिग्गज पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका में टीवी स्क्रीन पर नजर आएंगे।

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने मिशन विश्व कप के लिए कमेंटेटरों के पैनल का एलान किया। विश्व कप का प्रसारण नौ अलग-अलग भाषाओं में किया जायेगा। स्टारकास्ट पैनल में गावस्कर, शास्त्री और श्रीकांत के अलावा गौतम गंभीर, इरफान पठान, हरभजन सिंह, पीयूष चावला और एस श्रीसंत नजर आयेंगे। इसके अलावा बीसीसीआई के चयनकर्ताओं के अध्यक्ष रहे एमएसके प्रसाद, संदीप पाटिल और सुनील जोशी के साथ-साथ पूर्व बल्लेबाजी कोच, संजय बांगर भी विश्व कप से जुड़ी जानकारियां साझा करेंगे। 2019 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में इंग्लैंड को जीत दिलाने वाले विजयी कप्तान इयोन मोर्गन, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज शेन वॉटसन, आरोन फिंच, मैथ्यू हेडन और रिकी पोंटिंग में पैनल में शामिल है वहीं वकार यूनिस, डेल स्टेन, शेन बॉन्ड और शॉन पोलक भी अपने विचार साझा करेंगे। इंग्लैंड के करिश्माई पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज फाफ डु प्लेसिस और इमरान ताहिर भी कमेंटरी बाक्स की शोभा बढ़ाएंगे।

# पैरा निशानेबाजों ने भारत के लिए पक्के किए चार ओलंपिक कोटा

**लीमा (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजी दल ने 2023 डब्ल्यूएसपीएस विश्व चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटा पक्के किए। जिसमें से शीर्ष निशानेबाज मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण भी जीता। नरवाल ने 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों में 50 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक कोटा स्थान अर्जित करने वाले अन्य पैरा निशानेबाज निहाल सिंह, अमीर अहमद भट्ट, रुद्रांश खंडेलवाल हैं। निहाल ने यहां 25 मीटर पिस्टल में कांस्य हासिल किया जबकि उनकी, राहुल जाखड़ और आमिर अहमद भट्ट ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पचास मीटर पिस्टल में रुद्रांश खंडेलवाल ने रजत पदक के साथ पैरालंपिक कोटा सुनिश्चित किया। उन्होंने राहुल जाखड़ और आकाश के साथ मिलकर टीम वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। नरवाल ने भी 10 मीटर एयर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने किया जबकि उनकी संतोष गांधे और आकाश की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता। निशा कंवर और नरवाल की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि 10 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में रूबीना फ्रांसिस ने रजत पदक जीता। रूबीना, पूजा अग्रवाल और आकाश की तिकड़ी ने 10 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल का टीम स्वर्ण जीता।

## आईपीएल: बोबाट बने आरसीबी के क्रिकेट निदेशक

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के परफार्मेंस डायरेक्टर मो बोबाट को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले अपना क्रिकेट निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। 40 वर्षीय बोबाट 12 वर्षो से ईसीबी के साथ हैं और 2019 से परफार्मेंस डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में इंग्लैंड ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और वनडे विश्व कप जीता था। बोबाट और आरसीबी के मौजूदा मुख्य कोच एंडी फ्लावर पहले इंग्लैंड के साथ मिलकर काम कर चुके हैं और अब एक बार फिर साथ आकर वे आरसीबी में नए बदलाव लाने और उसे सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाने कोशिश करेंगे। बोबाट आरसीबी के साथ प्रतिभाओं की भर्ती और परफार्मेंस से जुड़ी योजनाओं की देखरेख करेंगे, और निरंतर सफलता के लिए एक अलग तरह की टीम सांस्कृतिक और उच्च प्रदर्शन के लिए जरूरी नींव स्थापित करने का लक्ष्य रखेंगे।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स का रंगारंग शुभारंभ कल

**सीएम शिवराज और खेल मंत्री यशोधरा रहेंगी उपस्थित**

**भोपाल,(खेसं)।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का शानदार आगाज एक अक्टूबर को होगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की उपस्थिति में तात्या टोपे नगर स्टेडियम में शाम 7 बजे खेल महाकुंभ का रंगारंग शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। खेलो एमपी यूथ गेम्स की भव्य तैयारी की गई है। टी.टी. नगर स्टेडियम के मुख्य ग्राउंड पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें प्रख्यात पार्श्व गायिका सुश्री शिल्पा राव और वॉयस ऑफ इंडिया के विनर पवनदीप राजन अपनी प्रस्तुति देंगे। राज्य स्तरीय खेलो एमपी-2023 की प्रतियोगिताएं 30 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक भोपाल, रीवा, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, कटनी और शिवपुरी में खेले जाएगें। भोपाल में व्हालीबाल, फुटबाल, कुश्ती, बॉक्सिंग, फेंसिंग, जूड़ो, ताईक्वाडो, टेनिस,क्याकिंग-कैनोइंग, रोइंग, तैराकी की प्रतियोगिताएँ खेली जाएगी। रीवा में कबड्डी, इंदौर में वेटलिफ्टिंग, बास्केटबाल और टेबल टेनिस, ग्वालियर में हॉकी, बैडमिंटन, उज्जैन में मलखंब और योगासन, जबलपुर में खो-खो और आर्चरी, कटनी में शतरंज तथा शिवपुरी में शूटिंग और एथलेटिक्स के मुकाबले होंगे।

# हॉकी में भोपाल की लड़कियों और नर्मदापुरम के लड़कों ने मारी बाजी

## खेलो एमपी यूथ गेम्स जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता



**भोपाल,(खेसं)।** खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता की हॉकी स्पर्धा में भोपाल की लड़कियों ने मारी बाजी व नर्मदापुरम ने लड़कों ने खिताब जीता।

मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेले गए हॉकी मुकाबलो के बालिका वर्ग में भोपाल टीम ने रायसेन को 2-1 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर रायसेन व तीसरे स्थान पर नर्मदापुरम की टीम रही। बालक वर्ग मे भोपाल ने नर्मदा पुरम को बराबरी की टक्कर दी ओर 2-2 गोल से मुकाबला टाई रहा। उसके बाद पेनल्टी शूटआउट में नर्मदा पुरम ने भोपाल को 5-4 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं भोपाल दूसरे और रायसेन तीसरे स्थान पर रायसेन रहा।

# नेचर के बीच रहने का है मन तो जरूर एक्सप्लोर करें ये हिल स्टेशन, एडवेंचर के साथ मिलेगा सुकून

हरियाणा के औद्योगिक केंद्र फरीदाबाद में घूमने के लिए कई बेहतरीन जगह हैं। फरीदाबाद की ऐतिहासिक इमारतें और पार्क लोगों के वीकेंड को शानदार बना देती हैं। लेकिन अगर हिल स्टेशन की बात करें या फिर किसी लंबे वीकेंड पर घूमने की बात करें, तो लोग थोड़ा मुश्किल में पड़ जाते हैं कि आखिर कहां जाएं। ऐसे में अगर आप भी इसी सोच में पड़े हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो फरीदाबाद के काफी पास पड़ते हैं। शार्ट ट्रिप प्लान के लिए ये 5 हिल स्टेशन आपको निराश नहीं करेंगे। साथ ही सिर्फ 7 हजार रुपए में आप यहां पर घूमने सकते हैं।

**मोरनी हिल्स**– फरीदाबास के आसपास पड़ने वाले हिल स्टेशन में मोरनी हिल्स का नाम शामिल है। यह हरियाणा के इकलौते हिल स्टेशन के रूप में जाना जाता है। यह जगह ना सिर्फ फरीदाबाद दिल्ली के पास पड़ता है। मोरनी हिल्स में आप शिवालिक श्रृंखला को भी देख सकते हैं। यहां की हरियाली आपके मन को मोह लेगी। दिल्ली एनसीआर से काफी लोग इस जगह पर घूमने के लिए आते हैं। वहीं आप यहां पर मोरनी एडवेंचर पार्क, मोरनी किला, टिक्कर ताल और करोह पीक आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**चायल**– घूमने की इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर चायल हिल स्टेशन का नाम शामिल है। अगर आप भी शांति की तलाश कर रहे हैं, तो यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में मौजूद चायल फरीदाबाद से नजदीक है। सतलुज घाटी के करीब चायल ऊंची-ऊंची चोटियों से घिरी हुई है। यहां पर आपको दुनिया का ऊंचा क्रिकेट मैदान भी देखने को मिलेगा। चायल का शांत वातावरण, सुहावना मौसम और चारों ओर की हरियाली आपको यहां पर रुकने के लिए मजबूर कर देगी। चायल में आप सिद्ध बाबा का मंदिर, चैल अभयारण्य, काली का टिब्बा और चैल गुरुद्वारा साहिब जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**बड़ोग**– घूमने के लिहाज से बड़ोग घूमने के लिए बेहतरीन जगह है। यह स्थान प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां पर आपको ऊंची-ऊंची चोटियों देखने को मिलेंगी। इसके अलावा यहां पर आप ट्रेकिंग का भी लुत्फ भी उठा सकते हैं। बड़ोग में आप करोल टिब्बा ट्रेक, मोहन शक्ति राष्ट्रीय विरासत पार्क, मेनरी मठ और डगशाई आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**मसूरी**– शिमला, नैनीताल की तरह मसूरी भी लोगों की पसंदीदा जगह है। सर्दी हो या गर्मी यहां पर आपको हमेशा पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलेगी। बता दें कि एक ब्रिटिश कमांड इस जगह पर शिकार करने के लिए आए थे। उस कमांडर को इस जगह की खूबसूरती इतनी ज्यादा भा गई कि उन्होंने इसे एक बेहतरीन जगह के तौर पर बनाने का फैसला किया। वहीं धीरे-धीरे पर्यटकों को इस जगह के बारे में पता चलने लगा और देखते ही देखते यह लोगों का फेवरेट हिल स्टेशन बन गया। यहां पर आप जॉर्ज एवरेस्ट हाउस, क्राइस्ट चर्च, मसूरी झील और मसूरी हेरिटेज सेंटर आदि एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## जूनियर हॉकी महिला विश्वकप के लिए भारत की तैयारी चरम पर

**नई दिल्ली।** चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसबंर के बीच खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के लिये भारतीय टीम इन दिनो जम कर पसीना बहा रही है। प्रतियोगिता में दुनिया की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेगी जबकि 30 नवंबर को जर्मनी और दो दिसंबर को बेल्जियम से भारतीय लड़कियों का मुकाबला होगा। पिछली जून में जापान के काकामिघारा में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप 2023 में छह मैचों में अपराजित रहने के बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई किया था। चैंपियंस ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया। भारत के लिए अन्नू और नीलम ने और दक्षिण कोरिया के लिए पार्क सियो-योन ने गोल किए।

# वर्ल्डकप के लिए वार्मअप करने मैदान में उतरेगी टीम इंडिया



**गुवाहाटी, (एजेंसी)।** पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले वर्ल्ड कप 2023 से पहले रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम 30 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेगी। यह मुकाबला बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम, गुवाहाटी में दोपहर 02:00 बजे से खेला जाएगा। शनिवार को गुवाहटी में बारिश की पूरी संभावना जताई जा रही है। ऐसे में बारिश मैच में खलल डाल सकती हैं। मैच वाले दिन 50-55 प्रतिशत बारिश आने अनुमान हैं।

मुकाबले में दोनों ही टीमें अपनी सर्वश्रेठ एकादश उतारकर विश्व कप की तैयारियों को आखिरी रूप दे सकती हैं। भारतीय टीम विश्वकप के अपने पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाजी क्रम का आकलन करने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में तीनों प्रारूप में अपनी रणनीति बदली बदलाव किया हैं। उसके पास जॉनी बेयरस्टो, जोस बटलर, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन और मोईन अली जैसे बल्लेबाज हैं। ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को खुद को परखने का मौका मिलेगा। भारत के स्पिनरों कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के पास खुद को परखने का यह अच्छा मौका होगा। भारतीय बल्लेबाजों में श्रेयस अय्यर को मध्य क्रम में जगह मिलना तय है। वह स्पिनरों को अच्छी तरह से खेलते हैं लेकिन अक्सर चोटिल हो जाने के कारण उनका मामला गड़बड़ा जाता है। ऐसे में ईशान किशन परिदृश्य में आ जाते हैं जो बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। अगर भारत शुभमन गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और हार्दिक पंड्या के साथ उतरता है तो इसका मतलब है कि छठे नंबर तक बाएं हाथ का कोई बल्लेबाज नहीं होगा। बाएं हाथ के बल्लेबाज रविंद्र जडेजा सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। राहुल विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे और उनका पांचवें नंबर पर उतरना तय है।

## अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड ने पाक को 5 विकेट से हराया, बांग्लादेश भी जीता

**हैदराबाद,(एजेंसी)।** वनडे विश्व कप 2023 के अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को मैच में 5 विकेट से हराकर अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 345 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 38 गेंद शेष रहते 5 पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान ने सर्वाधिक 103 रन बनाए। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 84 गेंद पर 80 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से सैंटनर ने सर्वाधिक दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के लिए रचिन रवींद्र ने 72 गेंद में 97 रन की धमाकेदार पारी खेली। इसके अलावा केन विलियमसन 54 रन और डेरिल मिचेल 59 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। शुक्रवार को तीन वॉर्म अप मैच खेले जाने थे लेकिन बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला नहीं हो सका। वहीं अन्य मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया। श्रीलंका पहले बल्लेबाजी करते हुए 263 रन पर ऑलआउट हो गई। उसके लिए पथुम निसंका ने सर्वाधिक 68 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने तंजीद हसन के 84 रन की मदद से सात विकेट से मैच जीत लिया।

कहानी

# कोमा



आज वह गहरी लंबी नींद से जागा था। अस्पताल की खिड़की से बाहर उसने झांककर देखा मौसम बड़ा सुहावना था। ठंडी हवा के झोंके ने उसके शरीर में ऊर्जा का संचार किया वह खुद को स्वस्थ महसूस करने लगा सर आपका बी पी चैक करना है। कमरे में प्रवेश करते हुए नर्स ने कहा। मैं बिल्कुल ठीक हूं बस मुझे यहां से जाने दे-उसने कहा। डॉक्टर साहब बताएंगे कि आप कितने ठीक हैं पहले आप बीपी चेक करवा ले। वैसे भी आप पूरे एक साल कोमा में रहे हैं। नर्स ने उसे विगत से अवगत कराया। कोमा शब्द उसके दिल पर जा लगा। अब तक सिर्फ इसका नाम सुना था।

पिछले एक साल से दुनिया से अलग-थलग सुध-बुध खो कर अस्पताल के इस बेड पर लेटा था। अंदर ही अंदर वह सिहर गया। फिर संयत होकर भगवान को नयी जिंदगी देने के लिए धन्यवाद दिया। अस्पताल से डिस्चार्ज होकर वह जल्दी से जल्दी घर पहुंचना चाहता था आखिर एक साल बाद वह अपने परिवार को देखेगा। उसके सामने उसकी जुड़वा बेटियां रिद्धि सिद्धि के चेहरे सामने आ गए। उनके मुरझाये चेहरे देखकर उन पर स्नेह उमड़ आया। राधिका की उसके बिना क्या हालत हो रही होगी वह तो दुनियादारी ठीक से जानती भी नहीं थी। खुद को और दोनों बेटियों कैसे संभाल रही होगी। कितनी परेशान हो रही होगी। यही सब सोच-सोच कर उसका कलेजा हलक तक आ गया।

पिछले बरस वह ऑफिस से लौटते समय बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप पहुंचा। जाने कहां से एक धमाका हुआ चारों तरफ धुंए का गुबार उठा। वह बाइक समेत उछलकर थोड़ी दूर जाकर गिरा। उसकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। आगे क्या हुआ वह नहीं जानता। उसकी बेहोशी एक साल बाद अस्पताल में टूटी। इस बीच उसे किसने बचाया या उसके परिवार के साथ क्या हुआ था। वह बेखबर था। घर पहुंच कर उसने कॉल बेल बजाई। वह अपने परिवार से मिलने को बेताब हो रहा था। राधिका ने दरवाजा खोला और उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। वह जिस खुशी की कल्पना सबके चेहरों पर देखने आया था वहां उसे देखते ही मातम पसर गया।

तुम बच कैसे गए? राधिका ने हैरानी से पूछा।

क्या मतलब, तुम्हें मुझे जीवित देखकर खुशी नहीं हुई।

काहे की खुशी, मै तो इस सोच में डूबी हूं अब मेरी नौकरी का क्या होगा? उस हादसे में जब तुम्हारा कुछ पता नहीं चला तो मैंने नगर निगम से तुम्हारा मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर तुम्हारे ऑफिस में सबमिट कर दिया। फिर मैंने तुम्हारी जगह पर अनुकंपा की नियुक्ति ले ली। तुम्हें जीवित देखा तो मैं तो फॉल्ट में आ जाऊंगी ना।

मैं जिंदा हूं अभी-उसने तल्ख आवाज में कहा।

जिंदा होने के प्रमाण पत्र नहीं बना करते, मुर्दा लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र बनते हैं। तुम क्यों बच गए। राधिका ने अपना सिर पीटते हुए कहा।

रिद्धि और सिद्धि ने कहा-आप की मृत्यु के बाद सोसाइटी ने हमारी पढ़ाई का खर्च उठाने का बीड़ा उठाया है। पापा वह सब खत्म हो जाएगा। आपके होने से हमारा विदेश में पढ़ाई करने का सपना टूट कर चूर-चूर हो जाएगा।

यह तुम लोग क्या कह रहे हो- वह उदास स्वर में बोला।

वही जो तुम सुन रहे हो। जहां से आये हो वही वापस लौट जाओ। हमारी सुकून भरी जिंदगी में ग्रहण न लगाओ। आपकी हमें अब कोई जरूरत नहीं है। हम सबके लिए मर चुके हो फिर से जीवित क्यों होना। क्या तुमसे हमारी खुशियां देखी नहीं जा रही। मैंने विधवा होकर जाना सुख क्या है। राधिका ने तेजी से दोनों हाथ जोड़ते हुए कहा। उसे काटो तो खून नहीं, वह जिस उल्लास से आया था उसी क्षोभ और दुख के साथ वापस लौट गया। काश! वह उस हादसे में दफ़न हो जाता तो रिश्तों की यूं हकीकत सामने तो नहीं आती। सात जन्मों का साथ निभाने वाली राधिका ने एक झटके में अपने स्वार्थ की खातिर सारे बंधन तोड़ दिए। क्या रिश्ते ऐसे होते हैं। उसने अपने रिश्तों को सदा के लिए कोमा में सुला दिया।

# गर्मागर्म डोसा



आज उनकी शादी की सालगिरह थी। बच्चों की जिद थी कि खाना रेस्टोरेंट में ही खायेंगे और इस बार तो मिताली के ससुर जी की भी यही इच्छा थी । इसलिए बहुत लंबे समय बाद वे सभी बाहर डिनर के लिए आए थे। मिताली ने वरुण के द्वारा उपहार में दी गई सुनहरे बॉर्डर की हल्की हरी साड़ी के साथ कुंदन का नाजुक सा सेट पहना था और वरुण भी बच्चों की पसंद की नीली चेक्स की टी शर्ट पहनी हुई थी जो वास्तव में मिताली ने ही उसके लिए खरीदी थी लेकिन यदि वह स्वयं उसे देती तो वरुण उसमें दस कमियां बता कर पहनने से इंकार कर देता।

एक नामी रेस्टोरेंट में पहले से रिजर्व की हुई टेबिल के दोनों ओर वे सभी बैठ गए।

केक काटने के पहले खाने का ऑर्डर दे देते हैं। इससे समय बच जाएगा। वरुण के कहने पर सब सहमति देते हुए मीनू कार्ड देखने लगे। मैं तो मंचूरियन विद फ्राइड राइस लूंगी। मिताली की बेटी ने चहकते हुए कहा। और मैं सिजलर मशरूम व पेपरोनी पिज्जा लूंगा। किशोर होते बेटे ने अपनी पसंद बता दी। हमारे लिए तो पनीर बटर मसाला और नान मंगवा दो। क्यों वरुण की मम्मी...तुम्हें कुछ और लेना है? मिताली के ससुर जी ने पूछा। साथ में दम आलू भी मंगवा लो। घर पर बाजार जैसे नहीं बन पाते और मेहनत भी बहुत लगती है। मिताली की सास ने बोला। मैं चिली पनीर भी ऑर्डर कर देता हूं।... मिताली तुम क्या लोगी?

मेरे लिए? मिताली ने एक मिनिट सोचा। मुझे मसाला डोसा खाना है। मसाला डोसा... मम्मी होटल में तो कोई और अच्छी चीज मंगवाओ न! मिताली की बेटी ने उसकी ओर मेनू कार्ड बढ़ाते हुए कहा। हां मिताली और कुछ बताओ, डोसा तो अभी दो दिन पहले ही तुमने बनाया था और बना भी बहुत स्वादिष्ट और कुरकुरा था। वरुण ने भी बेटी की बात से सहमत होते हुए कहा।

अच्छा...लेकिन मैने तो हमेशा ठंडा और मुलायम डोसा ही खाया है और वो खाने में बेस्वाद लगते हैं इसलिए मेरा आज गर्मागर्म डोसा ही खाने का मन है। मिताली की आंखें वेटर को किसी की टेबल पर गर्म धुआं उड़ाता डोसा ले जाते हुए देख रही थीं।

व्यंग्य

# हमारे पड़ोस के सौगात मास्टर




एक लंबे अरसे से वगैर मतलब का मूल मुद्दा से हटाकर जनता को भटका कर हमेशा करते रहते हैं बेमतलब का टरटर। अजीब पड़ोसी हैं बड़े भैया जहमतलाल हमारे सौगात मास्टर। राजनीति करते हैं लेकिन झूठ बोलकर औकात बढ़ाते हैं और जब पकड़ाते हैं तो बेशर्म की तरह हंस कर टाल देते हैं। यानि सिर्फ शिगूफा छोड़कर आम आदमी के भावनाओं को छेड़ते हैं। सिर्फ फोकट में झूठा सौगात बांटने में एक नंबर इसलिए सभी इनको सौगात मास्टर कहते हैं। जहां भी जाते हैं झोला में रिबन या फीता साथ होता है, कैंची भी रखते हैं। मकान, दुकान या हो आरामगाह। बेचारे का हर जगह होता वाह-वाह है। भले ही उनके जाने के बाद वहां की जनता इनको कहती लापरवाह है। कमबख्त लंपट, लाफाड़ी चुनाव जीतते कैसे हैं जनता को उल्लू बना पपलू फिट कर हिट हो जाते हैं। इन लफाड़ियो के समक्ष जेनुइन मोहरे पीट जाते हैं।

देश की जनता जिस तरह एक पक्ष को छूट कर वोट दी थी अपने वादों को चिरकुट की तरह लथेड़कर जनता को ऐसे कूट रही है,मानों कोल्हू के बैल की तरह जोत रही है। कारण जितने भी जीत कर गए हैं। इस क्षेत्र के पक्का खिलाड़ी नहीं बल्कि अनाड़ी है। इसलिए देश का हालत बिगड़ रही है। अब जनता इनके सर पर चढ़कर अच्छी तरह रगड़ रही है। नित्य नई एक से बढ़कर एक खुराफात की खबर सुन हालात बद से बदतर होती जा रही है। पहले स्तर हाई था अब वह शनै-शनै खाई में जा रहा है। काम के नाम पर लेबल बदल-बदल कर दिखा रहे हैं। विकास के ग्राफ को चढ़ाने का दावा कर जनता को पढ़ा रहे हैं। जनता अब मूर्ख नहीं वह काफी सुर्ख होकर उनके करतूतों को देख चुने हुए कपूतों को लथेड़ रही है उनको अपने क्षेत्र में ही घूमने नहीं दिया जा रहा है, घुसने नहीं दिया जा रहा है। जैसे गए वैसे ही बगैर दौरा किया खदेड़ रही है। नेताओं की रैली झुंडों में चलकर खलबली मचा रही है जो मुद्दा है उसे भटकाकर दूसरे तरफ अटका रही है। चुनाव के पहले वादा किया वह बगैर निभाए कुछ और मुद्दा पर बात करें जनता अब इनसे जुदा हो गई है। जो जनता अपने वादे उनको याद दिलाती है उसे बेहूदा कहा जाता है,नासमझ है। उस पर उल्टा-पुल्टा केस ठोक, उसके भावनाओं को ठेस पहुंचा उसे रोक दिया जाता है। तानाशाह जैसे रवैया से जनता कराह रही है। उसके आह पर किसी की भी निगाह नहीं जाती है। एक लंबे अर्से तक शासन के बाद हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं अजीब तरह से ऐंठे हैं। जब चुनाव की बारी आने वाली होती है तो पहले से तैयारी करने लगते हैं। सौगात फटाफट उगलने लगते हैं मचलने लगते हैं।

*अभी जहमतलाल भैया उर्फ सौगात मास्टर जनता के अरमानों की होली जलाकर हर खोली का दरवाजा खटखटा रहे हैं। चेहरे पर रुआंसे भाव लाकर पटा रहे हैं। सौगात का चटनी चटा रहे हैं। इस सरकार के प्रति जनता का जो रवैया बरकरार है उसके दरकार को ध्यान में रखकर उसके बुद्धि को सटका रहे हैं। लेकिन जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली, मुंह पर जो कहे इस बार झटका देने वाली है।*

अभी जहमतलाल भैया उर्फ सौगात मास्टर जनता के अरमानों की होली जलाकर हर खोली का दरवाजा खटखटा रहे हैं। चेहरे पर रुआंसे भाव लाकर पटा रहे हैं। सौगात का चटनी चटा रहे हैं। इस सरकार के प्रति जनता का जो रवैया बरकरार है उसके दरकार को ध्यान में रखकर उसके बुद्धि को सटका रहे हैं। लेकिन जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली, मुंह पर जो कहे इस बार झटका देने वाली है। अभी तो वोट पर जो प्रपंच होने वाला है अभी वह मामला दूर है लेकिन इस बार मानसिक रूप से टंच है। कितना भी कोई आकर समझाए पंच कहां करना है अपने दिलों दिमाग में बैठा ली है। वह अपने मन का सुनेगी। जहमतलाल हो या रहमतलाल उसे क्या करना है अच्छी तरह मालूम है।

# सर्दी,जुकाम और खांसी को देसी इलाज से करें दूर



L

## लहसुन

लहसुन में पाया जाने वाला एलिसिन नामक रसायन एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल, एंटी-फंगल होता है। यह सर्दी-जुकाम के संक्रमण को दूर करता है। इसके लिए 6-8 लहसुन की कलियों को घी में भूनकर खाएं।



## गाय का घी

*गाय के शुद्ध देशी घी को पिघलाकर दो बूंद सुबह नाक में डालें। ऐसा नियमित रूप से तीन महीने तक करें। इससे पुराने से पुराना जुकाम भी ठीक हो जाता है।*

मौसम बदला नहीं कि सबसे पहले सर्दी, जुकाम और खांसी की आवाज सभी घरों से आनी लगती है। जुकाम को नजला या कोल्ड कफ भी कहते हैं। यह श्वसन तंत्र के संक्रमण के कारण होने वाला रोग है। यह इन्फेक्शन एक इंसान से दूसरे में तेजी से फैल सकता है। जो बीमार व्यक्ति के खांसने या छींकने से आसानी से फैल जाता है। जुकाम या फ्लू वैसे वायरस से होता है, जो श्वासनली को प्रभावित करते हैं।

**जुकाम के लक्षण**



नाक से पानी बहना
नाक में खुजली होना
गले में खराश
नाक बंद होना
सिर में दर्द और भारीपन
आंखों में जलन
खांसी
बुखार
छींक आना

लेकिन जुकाम में दवाइयां लेने से बेहतर है कि घर में रखी घरेलू चीजों से देसी इलाज करें क्योंकि ये शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। तो आइए जानते हैं कुछ देसी उपाय जुकाम से निपटने में मदद करेंगे।

**हल्दी दूध**

एक गिलास गर्म दूध में दो चम्मच हल्दी पाउडर डालकर पिएं। इससे बंद नाक और गले की खराश में आराम मिलता है। नाक से पानी बहना बंद हो जाता है।

**तुलसी का सेवन**

जुकाम में तुलसी अमृत के समान फल देती है। खांसी और जुकाम होने पर 8 से 10 पत्तियों को पीसकर पानी में डालकर काढ़ा बना लें। इस काढ़े को पिएं। छोटे बच्चों में जुकाम होने पर 6-7 बूंद अदरक और तुलसी का रस शहद में मिलाकर चटाएं। यह बंद नाक को खोलने और बहती नाक को रोकने दोनों में सहायक है।

**मेथी और अलसी**

मेथी और अलसी को 4-5 ग्राम की मात्रा में लेकर एक गिलास पानी में उबालें। जब अच्छी तरह उबल जाए, तब इसकी 4-4 बूंदें दोनों नाक में डालें। इससे जुकाम में आराम मिलता है।

**हल्दी और अजवायन**

10 ग्राम हल्दी और 10 ग्राम अजवायन को एक कप पानी में डालकर पकाएं। जब पानी आधा रह जाए, तब इसमें थोड़ा-सा गुड़ मिलाकर पिएं। इससे जुकाम में तुरंत आराम मिलता है, और नाक से पानी बहना कम हो जाता है।

**काली मिर्च**

काली मिर्च के चूर्ण को शहद के साथ चाटने से जुकाम में आराम मिलता है, और नाक से पानी बहना कम होता है साथ ही आधा चम्मच काली मिर्च का चूर्ण और एक चम्मच मिश्री मिलाकर एक गिलास गर्म दूध के साथ दिन में दो बार पिएं।

**सरसों तेल**

सोते समय नाक के दोनों छिद्र में 2-2 बूंदे बादाम या सरसों के तेल की डालकर सोएं। इससे नाक का किसी भी प्रकार का रोग नहीं होता।

# मोटापे को ना करें नजरंदाज



मोटापा, जिसे अक्सर महज एक कॉस्मेटिक मुद्दा मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, वास्तव में, एक निरंतर बीमारी है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। हालांकि इसे सार्वभौमिक रूप से एक बीमारी के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती है, लेकिन स्वास्थ्य पर इसके भयानक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता है। मोटापे की महामारी का समाधान कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान खोजने की कुंजी हो सकता है।



डॉ. आरूष सभरवाल

मोटापा मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी असंख्य स्वास्थ्य जटिलताओं का अग्रदूत है। यह मस्कुलोस्केलेटल प्रणाली पर दबाव डालता है, जिससे जोड़ों की समस्याएं और गतिशीलता संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। स्लीप एपनिया, बांझपन और मानसिक स्वास्थ्य विकार मोटापे के दूरगामी परिणामों के कुछ और उदाहरण हैं।

मोटापे के खिलाफ लड़ाई में बेरिएट्रिक सर्जरी एक सशक्त हथियार के रूप में खड़ी है। प्रसिद्ध सर्जन डॉ. अरुष सभरवाल द्वारा कुशलतापूर्वक की गई गैस्ट्रिक बाईपास जैसी प्रक्रियाओं ने जीवन को गहराई से बदलने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। ये सर्जरी रोगियों को अतिरिक्त वजन कम करने, मोटापे से संबंधित बीमारियों के जोखिम को कम करने और उनके जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने में सक्षम बनाती हैं। अच्छी खबर यह है कि बेरिएट्रिक सर्जरी पहले से कहीं अधिक व्यापक दर्शकों के लिए सुलभ है। यह सीजीएचएस (केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना) और सभी प्रमुख स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत कवर किया गया है, जो इसे जरूरतमंद लोगों के लिए एक किफायती विकल्प बनाता है।हालांकि, स्थायी स्वास्थ्य की यात्रा केवल सर्जरी के साथ समाप्त नहीं होती है। पोषण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जैसा कि पोषण विशेषज्ञ डी. टी. कनक अग्रवाल ने बताया है । बेरिएट्रिक सर्जरी के बाद पोषण पर उनका मार्गदर्शन एक स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने में महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों को उनके वजन को नियंत्रित करते हुए आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हों, जिससे परिवर्तन पूर्ण हो सके।मोटापा एक ऐसी बीमारी है जो कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने के लिए उत्प्रेरक है, अंततः आपकी बेहतरी के लिए जीवन बदल देती है और इसका इलाज डॉ. अरुष सभरवाल और डी.टी. कनक अग्रवाल जैसे विशेषज्ञों से किया जाना चाहिए।

# डैंड्रफ सहित बालों की कई समस्याओं से निजात दिलाता है प्याज का रस



हम कितना भी कोशिश कर लें, लेकिन बालों को प्रदूषण के संपर्क में आने से बचाना मुश्किल है। प्रदूषण के संपर्क में आने से बालों को काफी नुकसान होता है। इस वजह से सिर में गंदगी जमा हो जाती है। बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में मजबूत बालों के लिए बहुत से लोग कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी करते हैं। लेकिन इन ब्यूटी प्रोडक्ट्स का असर ज्यादा दिन तक नहीं दिखाई देता है। ऐसे में आप बालों के लिए प्याज के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं।



वाकई प्याज का रस बालों के लिए बहुत ही अच्छा होता है। ये बालों की जड़ों को मजबूत बनता है। ये रूसी की समस्या से बचाता है। बालों के लिए आप कई तरीकों से प्याज के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**बालों में प्याज का रस लगाएं**

एक कटोरी में प्याज का रस लें। इसमें कॉटन पैड को भिगो लें और स्कैल्प पर लगाएं। कुछ देर मसाज करने के बाद बालों को कवर लें। अब इसे एक घंटे के लिए ऐसे ही लगा रहने दें। इसके बाद बालों को केमिकल फ्री शैंपू से वॉश कर लें। ये बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है।

**नारियल का तेल और प्याज का रस**

एक कटोरी में थोड़ा सा प्याज का रस लें। इसमें नारियल का तेल मिलाएं। इसके अलावा आप इसमें टी ट्री ऑयल भी मिला सकते हैं। टी ट्री ऑयल, नारियल तेल और प्याज के रस को मिलाकर स्कैल्प की कुछ देर तक मसाज करें। इसके बाद सिर को माइल्ड शैंपू से वॉश कर लें।

**प्याज का रस और अंडे का पेस्ट**

प्याज का रस और अंडे को मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसमें थोड़ा सा रोजमेरी एसेंशियल ऑयल मिलाएं। प्याज के रस और अंडे के पेस्ट को स्कैल्प पर लगभग 20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसके बाद शॉवर कैप पहन लें। इसके बाद ठंडे पानी और सल्फेट फ्री शैंपू से सिर को वॉश कर लें।

**प्याज का रस और आंवले के रस**

प्याज का रस और आंवले का रस दोनों की बालों के लिए बहुत अच्छे होते हैं। ये दोनों चीजें बालों से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाती हैं। इन दोनों रस के मिक्सचर को मिलाकर आप स्कैल्प की मसाज कर सकते हैं। शॉवर कैप पहनकर इस पेस्ट को एक घंटे के लिए ऐसे ही लगा रहने दें. इसके बाद बालों को वॉश कर लें।

# भाकपा माले ने धरना और सभा कर उपजिलाधिकारी को दिया मांग पत्र




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उपजिलाधिकारी जमानियां कार्यालय के समक्ष भाकपा माले के कार्यकताओं ने धरना एवं सभा के माध्यम से मांग पत्र दिया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चल रहा है। यह लोकतंत्र में कही से न्याय संगत नहीं है, जिसके प्रति कार में गांव गांव गरीब अपने हाथों में लाठी डण्डा लेकर मोदी योगी के बुलडोजर राज से लड़ेंगे। गांव समाज, बंजर भूमि, तालाब पोखरा पर ग्राम तियरी से लेकर आदि गांवों में दबंगों ने कब्जा किए हैं उनके उपर बुलडोजर नहीं चल रहा है, क्यों कि उनको भाजपा सरकार और अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। भाजपा सरकार अमृत काल मना रही और हर गांव हर घर से माटी मंगाने की नौटंकी कर रही है, इस पर भाजपा नेता नहीं बता रहे है कि आसमान छूती महंगाई ने आम आदमी की जिन्दगी तबाह कर दिया है उसपर अंकुश कब लगेगा। बेरोजगारी से जूझ रहे युवा पीढ़ी सरकार से लड़ते लड़ते अपनी जान दे रहे है, सरकार उसकी निदान नहीं कर पा रही है। अब देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। देश की संसद मे राजतंत्र के प्रतिक सेंगोल को स्थापित कर दिया गया अब राजतंत्र के हिसाब से देश को चलाने की कोशिश कर रहे है। इनका असली जबाब जुड़ेगा भारत जितेगा इंडिया है। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा ने कहा कि जिले के सैकड़ों गांवों में बाप दादा के जमाने से बसे दलित मुसहर टोली के लोगों को आज तक घरौनी का कागज नहीं दिया गया। ग्राम तियरी उमरगंज में दबंगों के इसारे पर दलित परिवार के लोगों को उजड़ने की तहसील के अधिकारियों द्वारा धमकी दिया जा रहा है। जमानियां के दर्जनों गांवों में गरीब बस्तीयों की बिजली काट दी गई है। लोग रात के अंधेरे में रहने को मजबूर हैं इस बरसात के मौसम में जहरीले सांप के काटने से लोगो की मौतें हो रही है। सभा में प्रमुख रूप से विजय बनवासी, बुच्चीलाल, जगबली राजभर, उदयनरायन भारती, अमर सिंह, सुबेदार राम, महेंद्र राम, प्रमोद बिन्द, रामनगिना पासी, लालू बिन्द, रूदल कुशवाहा, अखिलेश मौर्य, धर्मेन्द्र बनवासी, आदि लोगों ने सम्बोधित किया सभा की अध्यक्षता पाचरतन मौर्य और संचालन विजय बनवासी ने किया।

## शाही अटाला मस्जिद में 13 रबीउल अव्वल के अवसर पर मरकजी सीरत कमेटी के बैनर तले हुआ जलसे का आयोजन



प्रखर जौनपुर। देश विदेश में प्रसिद्ध शाही अटाला मस्जिद के प्रांगण में 13 रबीउल अव्वल के मौके पर बाद नमाज इशा एक जलसे का आयोजन हुआ, इस मौके पर जिले के बाहर से आई हुई तमाम अंजुमनों व तकरीर करने वाले मुकरिर ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सीरत पर बयान किया,जलसा देर रात तक चलता रहा, इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष शौकत अली मुन्ना ने बताया कि हर साल शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम होते रहते हैं, हसीब सिद्दीकी ने बेहतरीन नात सुना कर लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम का संचालन नेयाज ताहिर शैखू ने किया, इस मौके पर इरशाद अनवर खान, रियाजुल हक, सरताज सिद्दीकी, शमशेर, अयूब, आकिब, बख्तियार आलम, सहाबुद्दीन और सीरत कमेटी के तमाम लोग मौजूद रहे।

## पीएम आवास योजना में गड़बड़ घोटाले के चलते पंचायत सचिव निलंबित

प्रखर जखनियां गाजीपुर। तहसील क्षेत्र के मनिहारी ब्लाक अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में गोलमाल गड़बड़ घोटाले के मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी परवेज अली को निलंबित कर दिया गया है।इस कार्रवाई से पीएम आवास योजना मे अनियमितता करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर डीपीआरओ अंशुल मौर्य ने जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए यह कार्रवाई की है।मामला मनिहारी ब्लाक की ग्राम पंचायत बुजुर्गा गांव का है। आरटीआई कार्यकर्ता डा.एम खालिद ने मुख्यमंत्री पोटल पर आनलाइन शिकायत सन्दर्भ संख्या 40019523011821 दिनांक 11 मई 2023 को दर्ज.कराई थी। और आरोप लगाया था कि यहां ग्राम पंचायत अधिकारी परवेज अली ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्रता सूची में शामिल रहे गरीब परिवारों को अपात्र घोषित कर दिया था। वहीं पंचायत सचिव ने इन पात्र परिवारों के पास पक्के मकान होने की रिपोर्ट लगाकर उन्हें अपात्र करते हुए पात्रता सूची से बाहर कर दिया। आरटीआई कार्यकर्ता डा.एम खालिद ने अपने आनलाइन शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि पंचायत सचिव परवेज अली इन गरीबों को हटाकर अपने चहेतों राजेश पुत्र रम्मन व रमावती पत्नी रम्मन को आवास आवंटित कर दिया। जिनकी आवास निर्माण में जमीनी विवाद है। तथा लाभार्थियों द्वारा बिना आवास निर्माण करायें अथवा प्रथम किस्त का उपभोग किये ही दितीय कि स्त त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट लगाकर रुपये 70000.00 जारी कर दी गई।तथा रुबी पत्नी राजबीर जो अपात्र व्यक्ति हैं को आवास आवंटित कराया गया। इस प्रकरण को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त (स्वतः रोजगार) गोपाल कृष्ण चौधरी से कराई। जिसमें पंचायत सचिव परवेज अली की सारी करतूत उजागर हो गई।उपायुक्त गोपाल कृष्ण चौधरी ने जांच कर 22 अगस्त 2023 को अपने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की और आवास आवंटन में सचिव परवेज अली को दोषी ठहराया जिसके बाद जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल मौर्य ने सचिव को निलंबित करते हुए खण्ड विकास कार्यालय से संबंध कर दिया है। तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिरनो को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।वहीं निलंबित सचिव को विकास खण्ड कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया है।तथा साथ ही आदेशित किया गया है कि वह बिना किसी सूचना के अनुपस्थित नहीं रहेंगे।

## कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत 1 अक्टूबर प्रातः 10 से 11 बजे तक चलेगा सार्वजनिक श्रमदान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपद से समस्त जनपदवासियों से अपील किया है कि स्वच्छता ही सेवा-कचरा मुक्त भारत अभियान दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 02 अक्टूबर, 2023 के मध्य जनपद में संचालित है। इस अभियान के दौरान महात्मा गांधी जयंती के एक दिन पूर्व दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर भारत सरकार द्वारा प्रातः 10 बजे से 11बजे तक एक घंटे का सार्वजनिक श्रमदान अभियान आहूत करने के निर्देश दिये गये है। ह्लएक तारीख एक घंटा की थीम का उक्त श्रमदान अभियान सभी नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही सफल हो सकता है। यह अभियान जनपद गाजीपुर की सभी 1238 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक पंचायत में एक स्थान तथा सभी 07 नगरीय निकायों में प्रत्येक निकाय के प्रत्येक वार्ड में एक स्थान पर 01 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक चलाया जाएगा। इस एक घंटे में चिन्हित स्थान पर सभी के द्वारा सामूहिक रूप से वृहद सफाई इस प्रकार से की जाएगी कि सफाई के बाद उक्त स्थान पर स्वच्छता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त होगा और प्रतिभागियों से अपेक्षा है कि वह उचित परिधान में आए और यथा सम्भव पीने का पानी भी साथ ले आयें। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि सामूहिक श्रमदान आधारित इस वृहद सफाई अभियान में अपनी सुविधा अनुसार चयनित स्थान पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें। जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने समस्त प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया से अनुरोध किया है कि 01 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटे सार्वजनिक श्रमदान अभियान का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है।

## वाराणसी कैंट स्टेशन पर रेल कर्मचारियों ने मंडल रेल प्रबंधक एवं निरंकुश मंडलीय अधिकारियों की भ्रष्ट नीतियों के विरुद्ध किया प्रदर्शन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन लखनऊ मंडल एवं ऑल इंडिया रेलवे में फेडरेशन के आवाहन पर वाराणसी कैंट स्टेशन पर रेल कर्मचारियों ने मंडल रेल प्रबंधक एवं निरंकुश मंडलीय अधिकारीयो की भ्रष्ट नीतियों के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर अधिकारियों द्वारा मनमानी करते हुए कई प्रोन्नति की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया इतना ही नहीं कुछ श्रेणी में रेलवे प्रोन्नति की परीक्षा कराने के बाद उसे बिना किसी उचित कारण के रद्द कर दिया गया जिसमें रेलवे को लाखों रुपए सरकारी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ा` सभा को संबोधित करते हुए नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कुछ रेलवे के अधिकारियों का निजी अहंकार इतना अधिक बढ़ गया है कि फैसला लेते समय इस बात का भी ध्यान नहीं रखते की रेलवे को नुकसान हो रहा है रेल कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है या रेल उपभोक्ताओं को नुकसान हो रहा है। रेलवे को चाहिए की सभी विभागीय परीक्षाओं के लिए एक एकीकृत संस्था नियुक्त की जाए मंडल के अधिकारियों को प्रश्न पत्र बनाने और उसकी सारी प्रक्रियाओं से दूर रखा जाए जिससे कि भ्रष्टाचार का जो माहौल बना हुआ है वह खत्म हो सके और पारदर्शिता से हर प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जा सके। सभा को मुख्य रूप से शाखा सचिव डीके सिंह, सहायक शाखा सचिव विवेक कुमार सिंह, योगेंद्र मिश्रा, जटाशंकर यादव ने संबोधित किया सुबह में सैकड़ो रेल कर्मचारी मौजूद थे।

## सत्यदेव डिग्री कॉलेज के बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेशार्थियों की लगी कतार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बीएड प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में चल रही काउंसिलिंग में छात्रों ने च्वाइस लॉकिंग में सत्यदेव डिग्री कॉलेज, गाजीपुर को प्रथम वरीयता दी है। वर्तमान में दूसरे चरण की काउंसिलिंग चल रही है, साथ ही च्वाइस लॉकिंग की प्रक्रिया चल रही है।इस प्रक्रिया में 01 से 200000 तक की रैक पाने वाले छात्र काउंसिलिंग व च्वाइस लॉकिंग कर रहे है। इस च्वाइस लॉकिंग का परिणाम दिनांक 2अक्टूबर 2023 को आएगा। कालेज प्रबंध को यह विश्वास है कि प्रथम बार की तरह ही द्वितीय राउंड में भी अधिक से अधिक छात्र कालेज में आवंटित होंगे। कालेज के प्रबंध निदेशक डॉ सानंद सिंह ने बताया कि अगर छात्र को काउंसिलिंग प्रक्रिया में अगर किसी तरह की परेसानी हो रही हो तो छात्र तुरंत कॉलेज के कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

## जन आरोग्य अभियान के तहत 2 अक्टूबर को मनेगा विशेष सेवा पखवाड़ा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत वह सभी परिवार जिनके पास आयुष्मान कार्ड है उन्हें प्रतिवर्ष प्रति लाभार्थी ? 5 लाख तक की निःशुल्क उपचार की सुविधा सरकार के द्वारा दी जा रही है। इस योजना के लाभ से गरीब लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हो रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.देश दीपक पाल ने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2023 तक किया जा रहा है 02 अक्टूबर, 2023 को विशेष सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें अभियान के पॉच प्रमुख घटक है जो सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वारा 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा एवं आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान नगरीय वार्ड द्वारा किया जाना है। सेवा पखवाड़ा के तीन अंग है जो स्वस्थ भारत अभियान, रक्तदान, महादान, अंगदान शपथ है। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को बेहतर और सुगम बनाने के लिए पूर्व में जिनके परिवार के एक दो सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है बाकी छूटे हुए लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उन परिवारों को चिन्हित करते हुए प्रमुखता से उन सदस्यों के भी आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएंगे। साथ ही अब इस बार पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक परिवारों में 6 या 6 से अधिक सदस्य हैं अब उन लोगों का भी उपलब्ध डाटा अनुसार प्रमुखता से अब आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिससे ज्यादा से ज्यादा परिवारों को आयुष्मान कार्ड द्वारा इस योजना का लाभ मिले व लाभार्थी परिवारों के सदस्यों को पीवीसी पॉली विनाइल कार्ड आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसलिए जो लाभार्थी अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनवा पाए हैं व पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक परिवार जिनके परिवार में 6 या अधिक सदस्य हैं उनके परिवार के सदस्यों के भी आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएंगे।उन्होंने बताया पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक अपने क्षेत्र की आशा और आंगनबाड़ी से संपर्क कर जानकारी लें और अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे विशेष कैंप के माध्यम से जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे जिसमें सहयोगी विभागों की सहायता से जिले में अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिए सामाजिक कार्यकताओं, स्वयंसेवियों और सहयोगी एजेंसियों के साथ आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायकों का सहयोग लिया जाएगा। और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक महत्वपूर्ण सूचनाओं को पहुंचाया जाएगा जिससे लोग आयुष्मान कार्ड बनवाने के संदर्भ में सही जानकारी जान प्राप्त कर सकें।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ राज्य कर विभाग का प्रशिक्षण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को अपराह्न 4.00 बजे जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद गाजीपुर के उत्तरदायी सभी विभागों, कार्यालयों से संबंधित आहरण वितरण अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार राइफल क्लब गाजीपुर में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राज्य कर विभाग गाजीपुर द्वारा आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुनील कुमार, उपायुक्त राज्य कर गाजीपुर द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि जनपद के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों के साथ ही विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक टी०डी०एस० की कटौती हेतु राज्य कर विभाग में ऑनलाईन प्रक्रिया से पंजीयन लेना अनिवार्य है। यह भी बताया गया कि समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को रू० 2.50 लाख से अधिक के करयोग्य भुगतान पर 1 प्रतिशत सी0जी0एस0टी0 एवं 1 प्रतिशत एस0जी0एस0टी0 अथवा अंतर्प्रान्तीय भुगतान की दशा में 2 प्रतिशत आई0जी0 एस0टी0 की टी०डी०एस० कटौती किया जाना है। उक्त कटौती के उपरांत कटौती का विवरण प्रत्येक माह की 10 तारीख तक जीएसटीआर &7 रिटर्न के रूप में दाखिल किया जाना है तथा काटे गये टी०डी०एस० के संबंध में संबंधित डिडक्टी को 5 दिन के अन्दर टी०डी०एस० प्रमाण पत्र जीएसटीआर & 7अ प्राप्त कराना है। निर्धारित अवधि के अंतर्गत रिटर्न दाखिल न करने अथवा टी०डी०एस० प्रमाण पत्र प्राप्त न कराने की दशा में विलम्ब फीस रू0 25 प्रतिदिन अधिकतम रू0 1 हजार तथा ब्याज 18 प्रतिशत की दर से देय होगा तथा टी०डी०एस० कटौती का दायित्व होते हुए भी टी०डी०एस० कटौती न किये जाने अथवा कम दर से कटौती किये जाने की दशा मे सुसंगत प्रावधानों के अधीन अर्थदण्ड की भी कार्यवाही सम्पादित की जा सकती है जो कि रू0 10 हजार से रू0 50 हजार तक हो सकती है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य कर विभाग गजीपुर के अन्य अधिकारी राजेश ओझा आहरण वितरण अधिकारी राज्य कर गाजीपुर, प्रभात कुमार सिंह सहायक आयुक्त राज्य कर, डा० सतीश कुमार सिंह सहायक आयुक्त राज्य कर, दीपक सिंह, अतुल यादव राज्य कर अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के लगभग 40 आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## चोलापुर के पलहीपट्टी चौराहे पर आरके फैमिली रेस्टुरेंट, स्वीट्स का हुआ भव्य उद्घाटन



प्रखर दानगंज वाराणसी। वाराणसी के चोलापुर क्षेत्र स्थित पलहीपट्टी चौराहा के पास अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गुरुवार को आर. के. फैमिली रेस्टूरेंट एवं स्वीट्स का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन 5 वर्षीय दिव्यांशी मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जागरण एवं भंडारा का आयोजन भी किया गया । जिसमें हजारों की संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।इस अवसर पर रेस्टूरेंट के अधिष्ठाता नंदलाल मिश्रा ने बताया कि पलहीपट्टी चौराहा पर बहुत दिनों से कुछ करने का विचार चल रहा था। जिससे यहां के लोग खासकर महिलाओं को शुद्ध, स्वादिष्ट एवं सुरक्षा के साथ भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रोग्राम किया गया।इसी के तहत आर फैमिली रेस्टूरेंट एवं स्वीट्स का उद्घाटन किया गया। नंदलाल मिश्रा ने आगे बताया कि आरके फैमिली रेस्टूरेंट पर लोगो के बजट का खास ख्याल रखा गया है। हर वर्ग के ग्राहकों को देखते हुए मूल्य तय किया गया है। हर ग्राहक तक बनारसी स्वाद पहुंचाने के लिए विशेष छूट भी समय समय पर दिया जाएगा। आरके फैमिली रेस्टुरेंट शुद्ध शाकाहारी वातानुकूलित है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसी टीवी कैमरा व फायर सेफ्टी भी लगाया गया है।कार्यक्रम में अशोक सिंह, बबलू मिश्रा,सर्वेश मिश्रा,परदेश चौबे, प्रिंशु मिश्रा,डीके मिश्रा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस अधीक्षक ने किया फीता काटकर थाना के नवनिर्मित बाउंड्री वॉल का उद्घाटन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना मोहम्मदाबाद पर नवनिर्मित बॉउंड्री वॉल तथा मुख्य गेट का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इसके बाद महोदय द्वारा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, व्यापार मंडल के लोगों के साथ मीटिंग की गई तथा उनसे उनकी समस्याओं को सुना गया और सुधार के लिए उनसे सुझाव भी लिया गया। अपने संबोधन में वहां व्यापार मंडल से आए हुए लोगों से अपने अपने दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनके साथ किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा माफियाओं तथा अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद, एसडीएम तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### यूजी व पीजी के छुटी प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के वर्ष 2022-23 की प्रयोगिक परीक्षा से वचित छात्रों के परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गयी है। मनोविज्ञान विषय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छुटी प्रायोगिक परीक्षा सात अक्तूबर को सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। वहीं सैन्य विज्ञान स्नातक की छुटी हुए प्रयोगिक परीक्षा तीन अक्तूबर को 11 बजे से आयोजित की जाएगी। भूगोल के स्नातक व स्नातकोत्तर के यूजी व पीजी की परीक्षा तीन अक्तूबर को ही सुबह 11 बजे से आयोजित होगी। पीजी कालेज के प्राचार्य डा. राघवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि इन विषयों के प्रायोगिक परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थी छुटी प्रायोगिक परीक्षा की फीस रसिद, परिचय पत्र, रिकार्ड फाइल आदि के साथ ससमय निर्धारित विद्यालय पर पहुंचना सुनश्चित करेंगे। किसी भी छात्र को इससे जुड़ी जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### पी जी कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. उषा भारती के असामयिक निधन पर शोक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पी०जी० कालेज, गाजीपुर के हिंदी विभाग में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० ऊषा भारती का निधन वाराणसी में एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हो गया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर रितिरिवाज के साथ किया गया। डॉक्टर भारती के वाराणसी के चितईपुर इलाके में केदार का पुरा की रहने वाली थी। वर्ष 2010 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हुई थी। डॉक्टर भारती ने स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से की थी। शनिवार को उनके निधन की सूचना के बाद महाविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गयी। प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रोफेसर डॉ० एस०डी० सिंह परिहार की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गयी। डॉक्टर भारती के निधन पर प्राचार्य प्रोफ० डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में महाविद्यालय परिवार डॉक्टर भारती के परिजनों के साथ है। इस दौरान भारी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद होकर डॉक्टर भारती को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### पत्रकार को मातृ शोक



प्रखर चौबेपुर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व हिंदी दैनिक के पत्रकार गिरीश तिवारी की माता का स्वर्ग वास 29-9-2023को हो गया है। उनकी उम्र 85 वर्ष थी। मुखाग्नि बड़े बेटे गिरीश तिवारी ने दिया। उनको चार बेटे एक बेटी है।

### गोष्ठी में जैविक खेती के प्रति किया जागरुक

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। स्वामी भवानी नन्दन यति इंटर कॉलेज सिखड़ी में शनिवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। एक दिवसीय गोष्ठी में शामिल किसानों को जैविक खेती करने का सुझाव दिया जिससे मिट्टी की गुणवत्ता में वृद्धि होने के साथ ही पोषक तत्वों का विकास होगा। इस दौरान किसानों को खेती से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वक्ताओं ने कहा कि जैविक खेती करने के कारण मिट्टी की गुणवत्ता में वृद्धि होने के साथ ही पोषक तत्वों का विकास होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने किसानों से जैविक खेती की ओर लौटने को कहा और इसके साथ ही पशुपालन करने की सलाह दी। वहीं किसानों को सरकार की योजनाओं को बताते हुए कहा कि कृषि में प्राकृतिक तरीकों को अपनाने से न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है, बल्कि जीव जंतुओं के स्वास्थ्य को भी बेहतर रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि डीजल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए सरकार सोलर पंप पर छूट दे रही है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं